




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2021-2023



आवश्यकता है

ज्वेलरी दुकान में काम करने के लिए अनुभवी सेल्समेन व सेल्स गर्ल की आवश्यकता है।

-: संपर्क करें :-


सुनालिया ज्वेलर्स

पावर हाउस रोड कोरबा



वर्ष 34 अंक 347 | कोरबा, रविवार, दिनांक 17 सितम्बर 2023 डाक 18 सितम्बर 2023 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए





# जिले में भामसं व वर्चस्व कायम



सुदर्शन निंमले

**कोरबा।** जिले के सभी संयंत्रो में धीरे-धीरे भामस का वर्चस्व कायम होता जा रहा है। विद्युत मंडल दर्री में काफी लंबे समय से बिजली कर्मचारी संघ मजबूत रहा है। कुसमुंडा में भी आज बीकेकेएमएस ने अपने आप को साबित करते हुए कोयला कामकागों को बता दिया है कि यहां पर बीकेकेएमएस ही कामगारों के लिए संघर्ष कर सकता है। लैंको में भी वेतन समझौता होने ने बिजली कर्मचारी संघ का महत्व बढ़ा है।

### तीन नेता चमके

भामस में कोरबा जिले के तीन नेता राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचकर कोरबा का मान बढ़ा रहे है। भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन में टिकेश्वर राठिया राष्ट्रीय अध्यक्ष है। इसके पूर्व में कोई भी नेता इस स्तर तक नही पहुंच पाया । कुसमुंडा क्षेत्र में सबसे अधिक सदस्य बनाए जाने पर उन्हें यह पद मिला है । राधेश्याम जायसवाल भामस के राष्ट्रीय सचिव है। इसके अलावा वें उद्योग प्रभारी व बिजली क्षेत्र में प्रभारी है। उन्होंने बिजली क्षेत्र में संगठन को काफी आगे बढ़ाया है। जिसके चलते उन्हें भामस में राष्ट्रीय सचिव का पद मिला है। बिजली क्षेत्र में बिजली कर्मचारी संघ का ही प्रभाव बड़ा है। लक्ष्मण चंद्रा पर्यावरण विभाग के राष्ट्रीय संयोग है।इन्होंने ने भी कोयला क्षेत्र में अच्छा कार्य किया है। जिसके चलते उन्हें बार-बार राष्ट्रीय क्षेत्र में दायित्व मिलता रहा है।

### बीकेकेएमएस कुसमुंडा में आगे

भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन कुसमुंडा में दूसरी बार बागे आकार सबको चौकाया है। यहां पर टिकेश्वर राठौर ने नेतृत्व में अमिया मिश्रा विरेन्द्र चंद्रा, जशवंत साहू सहित सभी कार्यकर्ता कड़ी मेहनत कर रहे है। इन दिनों बीकेकेएमएस कुसमंडा में आंदोलन कर रहा है। जिसका लाभ आने वाले दिनों दिखेगा। गेवरा व दीपका में प्रीमत राठौर, अश्वनी मिश्रा ,विरेन्द्र राठौर, रामनारायण साहू, कुलदीप कुमार, रमेश गुरूद्वान, बनवारी चन्द्रा,सतीश राठौर लगातार सक्रिय है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में बीकेकेएमएस गेवरा व दीपका में भी मजबूती बनाते एक नंबर पर आएगा ।

### लैंको में समझौता के चलते बिजली कर्मचारी संघ चमका

लैंको में वेतन समझौता वार्ता कई चरणों में हुआ है संयुक्त मोर्चा ने आंदोलन चलाया था। इस आंदोलन में बिजली कर्मचारी संघ भी शामिल था बिजली कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजीव शर्मा भीम सिंह चौहान शिव पाटले के लगातार प्रयासों से बिजली कर्मचारी संघ मजबूत हुआ है खासकर संजरव शर्मा ने कड़ी मेहनत की है। बालको व लैंको में दायित्व होने के कारण संजीव शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बालको में ठेके मजदूर संगंठित हो रहे है। लैंको की टीम को राधेश्याम जायसवाल, प्रदेश महामंत्री नवरत्न बरेठ का भी संयोग मिलता है नवरत्न बरेठ अचानक जिला मंत्री से प्रदेश के महामंत्री बनाए गए है। उनके अचानक उभर के सामने आने से संगंटन और मजबूत हो रहा है। उन्हें शब्बीर मेमन यशवंत राठौर पूर्णिमा साहू का भी बराबर संयोग मिल रहा है।

### कोरबा एरिया में बीकेकेएमएस की कड़ी मेहनत रंग लाया

कोरबा एरिया में बीकेकेएमएस के आई आर प्रभारी अशोक सूर्यवंशी उप महा सचिव रंजय सिंह के प्रयासों से ईकाई में संगठन मजबूत हुआ है। मानिकपुर में नलीन पवार, संजय सिंह व शैलेन्द्र सिंह ने संगठन को मजबूती प्रदान की है। शैलेन्द्र सिंह वेल्फेयर कमेटी के सदस्य है। उनका मानिकपुर में लगातार प्रभाव बढ़ता जा रहा है। केन्द्रीय कर्मशाला में भी बाबूलाल चन्द्रा ,दादू लाल राठौर व राजेन्द्र यादव की तिकड़ी ने संगठन को काफी आगे पहुंचाया है। बाबूलाल चंन्द्रा वर्तमान में संभागीय मंत्री है। और पूर्व में सचिव भी रहे है। राजेन्द्र यादव वर्तमान में सचिव है। और सीआरसी क्लब में भी जिम्मेदारी निभा रहे है। भामस जिला प्रभारी सतीश राठौर ने संगठन को कोरबा जिले में काफी आगे बढाया है। कुल मिलाकर देखा जाए तो जिले में भामस का वर्चस्व कायम हुआ है। भामस के अशोक चंन्द्रा, मिनी लाल साहू, संजय दायला, उत्तम कुलदीप ,हरीश सोनवानी, हेतराम कर्ष, रामलाल चन्द्रा ,विन्द्रेर राठौर, महेन्द्र सिंह का बराबर सहयोग मिलता रहा है जिले के द्वारा होने वाले आंदोलन में होने इनकी भूमिका हमेशा महत्वपूर्ण रही है।

## भू-विस्थापित किसानों को पट्टा देने और पूर्व में अधिग्रहित जमीन को मूल किसानों को लौटाने की मांग की माकपा ने

कोरबा। शहरी निकाय क्षेत्रों में नजूल भूमि पर बसे लोगों को भूस्वामी पट्टा देने के कांग्रेस राज्य सरकार के निर्णय का स्वागत करते हुए मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने पुनर्वास गांवों में बसाये गए भू-विस्थापित किसानों को भी पट्टा देने, पूर्व में अधिग्रहित भूमि को मूल भूस्वामी किसानों को लौटाने की मांग के साथ ही जिन विस्थापितों को पुनर्वास सुविधा नहीं मिली है, उन्हें बुनियादी सुविधाओं के साथ पुनर्वास देने की भी मांग की है।

यहां जारी एक बयान में माकपा जिला सचिव प्रशांत झा ने कहा है कि माकपा शुरू से ही भूमिहीनों को भूमि तथा आवासहीनों को आवास देने की मांग पर संघर्ष कर रही है। कांग्रेस की निगम सरकार को माकपा ने इसी शर्त पर समर्थन दिया था कि वह भूमि, आवास और संपत्ति कर जैसे मुद्दों पर गरीबों की समस्या हल करेगी।

इस मुद्दे पर माकपा के पिछले दस सालों के लगातार संघर्ष का नतीजा है कि राज्य सरकार को जनहित में यह फैसला लेना पड़ा है। अब माकपा यह सुनिश्चित करेगी कि राज्य सरकार का यह फैसला केवल चुनावी फैसला बनकर न रह जाए।माकपा नेता ने कहा कि कोरबा में 13000 हेक्टेयर भूमि पर 1.75 लाख से ज्यादा गरीब परिवार आवास बनाकर काबिज है। इसमें कोरबा नगर निगम में शामिल कच्ची बस्तियों में रह रहे हजारों परिवार भी सम्मिलित हैं। इससे स्पष्ट है कि पिछले 50 वर्षों के कांग्रेस-भाजपा राज में उद्योगों के नाम पर जरूरत से ज्यादा भूमि अधिग्रहित की गई है। इस जबरन अधिग्रहण का शिकार गरीब किसान हुए हैं, जो आज भी मुआवजा, पुनर्वास और रोजगार के लिए माकपा और किसान सभा के झंडे तले संघर्ष कर रहे हैं।

जब किसानों की जबरन अधिग्रहित भूमि पर काबिज लोगों को पट्टे दिए जा रहे हैं, तो पुनर्वास गांवों के हजारों भू-विस्थापित किसानों को पट्टों से वंचित रखना समझ के परे हैं। माकपा ने भू-विस्थापित किसानों को भी काबिज भूमि का पट्टा देने तथा उद्योगों के नाम पर पूर्व में अधिग्रहित भूमि को मूल भू स्वामी किसानों को लौटाने के साथ ही जिन विस्थापितों को पुनर्वास नहीं मिला है, उन्हें बुनियादी मानवीय सुविधाओं के साथ पुनर्वास देने की मांग की है

## कोरबा में खुलेंगा नया कोल ब्लाक

**कोरबा।** जिले में कोयले का अकूत भंडार है। यही वजह है कि कोरबा व रायगढ़ जिले में 11 नए कोल खदान शुरू करने की तैयारी है। इन खदानों से 30 गांव सीधे तौर पर प्रभावित होंगे। कोल मंत्रालय ने इन खदानों को अपनी 7वीं नीलामी सूची में शामिल किया है। कोयले की उपलब्धता आने वाले 40 साल तक सौ फीसदी बने रहे इसके लिए बीते दो साल से जंगलों में करीब पांच सौ जगहों पर अधिक गहराई तक बोरहोल्स कर कोयले की ग्रेडिंग की तस्दीक की गई थी। एमईसीएल की रिपोर्ट के अनुसार कोरबा व रायगढ़ जिले के इन खदानों में सबसे उन्नत ग्रेड का कोयला मौजूद है। जी-11, जी-12 ग्रेड का कोयला सबसे महंगा और कम कोल ब्लॉकों में पाया जाता है। जिस कोल ब्लॉक में बेहतर ग्रेड का कोयला होता है उसकी नीलामी के लिए कंपनियां सबसे अधिक रूचि लेती है। कोल ब्लॉक से कोरकोमा कोल ब्लॉक से कोरकोमा, मातामार, मुडुनारा, रजगामार, तरफमझली, बरपाली-करमीटिकरा ब्लॉक से बरपाली, कोईलार, नारकोलो, जिल्गा-बरपाली से करीब चार गांव, बासीन फतेहपुर से पांच गांव प्रभावित होंगे। इस तरह कुल 30 गांव खनन से सीधे तौर पर दायरे में आएंगे। हसदेव के बाद मांड नदी के किनारे कोयले का नया भंडार अभी कोरबा, कोरिया जिले में हसदेव नदी के किनारे एक दर्जन कोल ब्लॉक से खनन हो रहा है। हसदेव के बाद मांड नदी के दोनों ओर के 15 किमी के दायरे में कोयले के नए भंडार होंगे। विशेषकर कोरबा के तीन और रायगढ़ के चार कोल ब्लॉक मांड नदी से लगे हुए हैं।

## चोरी गई दो बोलेरो को 48 घंटे के अंदर कटघोरा पुलिस ने किया बरामद



कोरबा। कटघोरा थाना क्षेत्र से पिछले 48 घंटे के अंदर चोरी गए दो बोलेरो वाहनों को दो चोरों को पकड़कर उनकी निशानदेही पर कटघोरा पुलिस ने संयुक्त टीम प्रयास से पकड़ने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए चोरों को रिमांड में कटघोरा कोर्ट पेश किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार कटघोरा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम लखनपुर के खुटरापारा से एक बोलेरो वाहन विगत 12 सितंबर को चोरी करके उसे मरवाही गौरेला पेंड्रा जिले के पेंड्रा रेलवे स्टेशन के पार्किंग में कुख्यात वाहन चोर सोनू उर्फ संदीप कंवर उम्र 23 पिता दयाराम कंवर निवासी ग्राम आंछीदादर थाना कटघोरा द्वारा खड़ा किया गया था। उक्त बोलेरो को आरोपी संदीप कंवर अपने साथी मनराज सिंह कंवर उम्र 20 पिता राठी सिंह कंवर निवासी ग्राम आंछीदादर थाना कटघोरा के साथ मिलकर लखनपुर से चोरी किया था। वहीं एक और बोलेरो भी इनके द्वारा चोरी कर गौरेला रोड जंगल में खड़ी कर दिया गया था। इन दोनों मामले में कटघोरा पुलिस ने अज्ञात वाहन चोरों के विरूद्ध प्रार्थी की रिपोर्टों पर धारा 379, 34 भादवि के तहत दर्ज किया गया था।

उल्लेखनीय है कि इन दोनों मामलों में चोरी का रिपोर्ट दर्ज करने के बाद एसपी उदय किरण एवं एएसपी अभिषेक वर्मा तथा कटघोरा एसडीओपी पंकज ठाकुर के मार्गदर्शन में कटघोरा थाना का कार्यवाहक प्रभारी का प्रभार संभाल रहे एएसआई रफीक खान ने अपने हमराह प्रधान आरक्षक राजेंद्र मरकाम, गोपाल यादव तथा आरक्षक महेंद्र चंद्रा, खम्हन सिंह, रमेश कश्यप के साथ आरोपियों को पकड़कर चोरी गए वाहनों को बरामद करने में प्रमुख भूमिका अदा की है। पुलिस अधिकारियों ने चोरी गए बोलेरो वाहनों को बरामद करने वाली टीम की हौसला आफजाई की।

## नागरिकों में कर्तव्य की भावना विषय पर युवा संवाद का आयोजन



कोरबा। भारत दुनिया का सर्वाधिक संभावनाओं वाला देश है जहां सर्वाधिक आबादी युवाओं की है यदि युवाओं में कर्तव्य की भावना विकसित हो जाए या वे स्वयं अपने उत्तरदायित्व समझें तो दुनिया की कोई भी शक्ति भारत को विश्वगुरु बनने से रोक नहीं सकेगी उक्त उद्गार नेहरू युवा केंद्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की कोरबा इकाई द्वारा युवा संवाद - भारत ञ्च2047 पंच प्रण आधारित नागरिकों में कर्तव्य की भावना विषय पर संवाद कार्यक्रम में कमला नेहरू महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ए के मिश्रा के द्वारा युवाओं के समक्ष व्यक्त किए गए। मंत्रालय के द्वारा युवा संवाद कार्यक्रम भारत के हर राज्य एवं जिलों में कराया जा रहा है, इसी कड़ी में एक्ट ऑफ ह्यूमैनिटी समाज सेवी संस्था के द्वारा कमला नेहरू महाविद्यालय कोरबा में किया गया।

नागरिकों में कर्तव्य की भावना विषय पर आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर, शिक्षा संकाय के छात्राध्यापकों के अलावा ज्योति भूषण प्रताप सिंह विधि महाविद्यालय के 180 से अधिक में युवाओं ने अपनी सहभागिता दिखाई। युवा परिचर्चा में 22 विद्यार्थियों ने विषय पर गंभीरता से अपने विचार प्रगट किए।

कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले सभी विद्यार्थियों को नेहरू युवा केंद्र संगठन के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में ज्योति भूषण प्रताप सिंह विधि महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती किरण चौहान ने भारतीय संविधान में उल्लेखित 11 नागरिक कर्तव्यों की जानकारी युवाओं को प्रदान की। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक वाय के तिवारी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कर्तव्य पालन के लिए युवाओं में दृढ़ता तथा उच्च प्रतिबद्धता का होना आवश्यक है तभी वे अपने कार्यों से मजबूत व विकसित राष्ट्र का निर्माण कर सकेंगे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ सुशीला कुजूर, वेदव्रत उपाध्याय, डॉ विमला सिंह सुमित बेनर्जी आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

## प्रदेशवासियो को दी विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं

कोरबा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रदेश के समस्त उद्यमियों और श्रमिक साथियों सहित प्रदेशवासियो को विश्वकर्मा जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. चरणदास महंत ने विश्वकर्मा जयंती पर अपने बधाई संदेश में कहा कि समस्त उद्योग, श्रमिक जगत में सुख-समृद्धि प्राप्त हो यही कामना करता हूँ।

## स्टेट लेवल ताइक्कांडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत रितु वर्मा ने बढ़ाया विद्यालय का मान



**कोरबा।** छ.ग. राज्यस्तरीय बालिका ताइक्कांडो चैंपियनशिप का आयोजन 11,12 एवं 13 सितंबर को कोरबा के सीएसईबी सीनियर क्लब में आयोजित किया गया । जहाँ राज्य भर के सैकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया । इंडस पब्लिक स्कूल दीपका से ताइक्कांडो प्रशिक्षक श्री लीलाराम यादव के दिशा निर्देशन में इंडस पब्लिक स्कूल दीपका के विद्यार्थियों ने कोरबा में आयोजित ताइक्कांडो प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करते हुए पदक पर कब्जा किया।विद्यार्थियों ने अपने प्रतिद्वंदियों को धूल चटाई। विभिन्न वर्गों में आयोजित इस प्रतियोगिता में आईपीएस दीपका के छात्रों ने अपना लोहा मनवाते हुए पदक हासिल किए । कक्षा 6वीं की छात्रा रितु वर्मा ने बालिका वर्ग के ताइक्कांडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत कर अपने परिवार तथा विद्यालय का नाम रोशन किया तथाविद्यालय के ही छात्र रोशन सिंह ने बालको के अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 200 मी एवं 400 मी रेस जीत कर जिला स्तर पर पदक हासिल किया। साथ ही प्रशिक्षकों की श्रेणी में श्री लीलाधर यादव की प्रशस्ति पत्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार बच्चों के इस उपलब्धि पर हर्षित है । विद्यालय प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता जी ने छात्रों एवं एवं विद्यालय के खेल एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षक श्री लीलाराम यादव को बधाई दी । विद्यालय प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता जी ने कहा कि मार्शल आर्ट शरीर को चुस्त दुरुस्त रखता है और महिलाओं में एक आत्म विश्वास और ताकत भी देता है जिससे वो विकट परिस्थिति में अपने को महफूज रख सकें , जागरूकता अभियान चलाकर समाज के हर व्यक्ति को आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट से जोड़ा जाना चाहिए ।आज दिन ब दिन बदलती परिस्थिति को देखते हुए हमें विद्यार्थियों को इस कला में पारंगत करना चाहिए।
































# तरुण छत्तीसगढ़

कोरबा, रविवार, दिनांक 17 सितम्बर 2023 डाक 18 सितम्बर 2023




## नई संसद में फहराया गया तिरंगा, खरगे ने बनाई दूरी तो समारोह में पहुंचे ये विपक्षी नेता

**नईदिल्ली, 17 सितम्बर [एजेंसी]।**


संसद का विशेष सत्र 18 दिसंबर, सोमवार से शुरू होने जा रहा है। पांच दिन के इस सत्र को लेकर विपक्षी खेमे में पहले से बेचैनी है। इस बीच, रविवार का दिन इस लिहाज से अहम होने जा रहा है कि आज संसद के नए भवन पर पहली बार तिरंगा फहराया गया। भारत के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ संसद के विशेष सत्र से एक दिन पहले आज नए संसद भवन पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के साथ ही दोनों सदनों में राजनीतिक दलों के नेता शामिल हुए। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे नए संसद भवन में ध्वजारोहण समारोह के दौरान उपस्थित नहीं रहे। खरगे अभी हैदराबाद में हैं जहां नवगठित कांग्रेस कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक चल रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने शनिवार को राज्यसभा महासचिव प्रमोद चंद्र मोदी को पत्र लिखकर समारोह में देर से निमंत्रण देने पर निराशा व्यक्त की। संसद की नई इमारत गज द्वार पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के दौरान मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी की अनुपस्थिति पर



कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा, अगर मैं भी यहां उपयोगी नहीं हूं, तो मुझे बताएं मैं चला जाऊंगा। उन पर ध्यान केंद्रित करें जो यहां मौजूद हैं। मैं यहां हूं, क्या मीडिया के लोगों के लिए ये काफी नहीं है।

संसद सत्र से एक दिन पहले सरकार ने रविवार शाम को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। माना जा रहा है कि बैठक में संसद के पांच दिवसीय विशेष सत्र की एजेंडा साफ किया जाएगा। यह बैठक शाम 4.30 बजे से होगी। जब से सरकार ने संसद के विशेष सत्र का ऐलान किया है, तब से विपक्ष असहज है और बार-बार सरकार से यह बताने की मांग कर रहा है कि इस दौरान किन विशेष विधेयकों पर चर्चा होगी। सरकार द्वारा बुलाए गए संसद विशेष सत्र के एजेंडे पर कई दिनों तक अटकलों का बाजार गर्म रहा। बाद में एक संसदीय बुलेटिन में सरकार की ओर से कहा गया कि दोनों सदन पहले दिन संसद की 75 साल की यात्रा पर चर्चा करेंगे। संसद सत्र के लिए कामकाज की अस्थायी सूची में मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर विचार और पारित होने के लिए विधेयक शामिल हैं।

## तुष्टिकरण की राजनीति के कारण 75 साल से नहीं मनाया गया तेलंगाना मुक्ति दिवस : अमित शाह



**नईदिल्ली, 17 सितम्बर [एजेंसी]।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सिकंदराबाद में तेलंगाना मुक्ति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 75 वर्षों से, किसी भी सरकार ने हमारे युवाओं को इस महान दिन से परिचित कराने के लिए कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया। तुष्टिकरण की राजनीति के कारण, वे डरे हुए थे और उन्होंने तेलंगाना मुक्ति दिवस नहीं मनाया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, अंग्रेजों से आजादी के बाद, क्रुर निजाम ने 399 दिनों तक राज्य पर शासन किया। ये 399 दिन तेलंगाना के लोगों के लिए यातनापूर्ण थे। सरदार पटेल ने राज्य को 400वें दिन आजादी दिलाने में मदद की। विभिन्न संगठन संघर्ष के लिए आगे आए।

### कौशल विकास घोटाले में चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी पर आया सीएम जगन का बयान

**तमिलनाडू 17 सितम्बर [एजेंसी]।**

आंध्र प्रदेश के सीएम वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने तेदेपा नेता चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी को लेकर पहली बार बयान दिया है। उन्होंने कहा, पूर्व सीएम और टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू को तेलंगाना एमएलसी चुनावों को प्रभावित करने के लिए नकद का इस्तेमाल करते हुए दिखने वाले ऑडियो और वीडियो टेप के साथ पकड़ा गया था। पर कोई भी निडर होकर सच बताने के लिए तैयार नहीं है क्योंकि उन्होंने जो चुराया है, उसमें वे हितधारक हैं। उन्होंने कुछ मीडिया हाउस पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब कौशल घोटाले में दोष स्पष्ट है, तो जिसने कहा था कि वे सवाल करेगें, अब चुप हैं और अपने लिए एक सौदा तय कर रहे हैं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने शनिवार को तेदेपा प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू पर निशाना साधते हुए उन पर करोड़ों रुपये के आंध्र प्रदेश कौशल विकास निगम घोटाले का मुख्य साजिशकर्ता होने का आरोप लगाया।

### जंगली हाथी ने मोबाइल पर वीडियो बना रहे वनकर्मी को कुचलकर मार डाला, गढ़चिरौली में हुआ हादसा

**नई दिल्ली 17 सितम्बर।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में शनिवार को एक जंगली हाथी ने वन विभाग के एक कर्मचारी को कुचल कर मार डाला। सुधाकर बी अत्राम वन विभाग में ड्राइवर थे। ग्रामीणों से जंगली हाथियों के पलासगांव जंगल में घुसने की सूचना मिलने के बाद अतराम सहित वन विभाग की एक टीम मौके पर पहुंची थी। जब टीम झुंड का पीछा कर रही थी, अत्राम ने सड़क के किनारे अपना वाहन खड़ा किया और एक वीडियो रिकॉर्ड करना शुरू कर दिया।

## मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना का शुभारंभ, सीएम शिवराज ने खुद भरा पहली हितग्राही का आवेदन

**भोपाल, 17 सितम्बर [एजेंसी]।**

लाड़ली बहना योजना के तहत महिलाओं को मासिक धनराशि, 450 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर के साथ अब सीएम शिवराज ने मुफ्त आवास के रूप में एक और सौगात दी। राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सीएम शिवराज ने इस योजना का शुभारंभ किया। इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम का प्रसारण समस्त जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान सीएम शिवराज ने लाड़ली बहना आवास





योजना के तहत पहली हितग्राही का आनलाइन आवेदन खुद भरा। इस योजना में विभिन्न आवास योजनाओं में आवास सुविधा का लाभ मिलने से छूट गये परिवारों को अपना आवास मिलेगा।

इस योजना से प्रदेश में 4 लाख 75 हजार से ज्यादा हितग्राही लाभान्वित होंगे। राज्य शासन ने योजना के हितग्राहियों के चयन करने संबंधी निर्देश जारी कर दिए हैं। हितग्राहियों से 17 सितम्बर से 5 अक्टूबर 2023 तक आवेदन पत्र प्राप्त किये जाएंगे। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना में 3 लाख 78 हजार 662 उन परिवारों को लाभ मिलेगा जो प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में आवास प्लस एप पोर्टल पर पंजीकृत हैं और जिनके आवेदन भारत सरकार के एमआईएस पोर्टल पर स्वतः अस्वीकृत हो गए हैं। योजना का लाभ एमआईएस पोर्टल पर दर्ज होने से छूटे एवं चिन्हित 97 हजार परिवारों को भी मिलेगा। लाड़ली बहना आवास योजना में उन परिवारों को भी लाभ मिलेगा, जो सामाजिक, आर्थिक एवं जातिगत जनगणना 2011 एवं आवास प्लस की सूची में शामिल नहीं है और जिन्हें केन्द्र अथवा राज्य की किसी भी आवास योजना का लाभ प्राप्त नहीं हुआ है।

### सीएएफ जवान ने खुद को किया शूट, आत्महत्या से हड़कंप



**कांकेर।** सीएएफ जवान ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। जवान का नाम चंद्रशेखर यादव बताया जा रहा है। जवान सीएएफ में कांकेर में अभी पोस्टेड था। जानकारी के मुताबिक ड्यूटी के दौरान ही जवान ने सर्विस रिवाल्वर से खुद को गोली मार ली। जानकारी के मुताबिक जवान चंद्रशेखर यादव धमतरी जिले के रुद्री थाना का रहने वाला है। कांकेर एसपी दिव्यांग पटेल ने बताया कि जवान की मौत के कारण अभी स्पष्ट नहीं है। फिलहाल पुलिस इस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पदस्थ जवान चंद्रशेखर यादव हलवा चौकी में मोर्चा ड्यूटी पर तैनात था। इस दौरान उसने खुद को गोली मार ली। 15वीं बटालियन बीजापुर के क्ककंपनी का मृतक जवान था। घटना की सूचना के बाद घटना की सूचना के बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## अजय चंद्राकर ने वीडियो वायरल कर छत्तीसगढ़ की राजनीति में लाया भूचाल



**रायपुर, 17 सितम्बर ।**

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में अभी दो महीने शेष बचे हैं और वहीं विपक्ष को अब बैठे बिठाए मुद्दा मिल गया है। चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस विधायक का एक के बाद एक स्टिंग वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो हुआ, जिसे लेकर अब विपक्ष के नेताओं की प्रतिक्रिया आनी शुरू हो गई है। चंद्रपुर से कांग्रेस विधायक रामकुमार यादव का वीडियो वायरल होने पर भाजपा नेता और पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने ट्वीट कर तंज कसा। पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने कांग्रेस पार्टी से सवाल करते हुए तंज कसा कि मुख्यमंत्री से पूछा कि इस वीडियो की सच्चाई क्या है। आपको खुद सामने आकर बताना चाहिए। वहीं विधायक के इस वायरल वीडियो पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी ने भी ट्वीट किया।

कहा कांग्रेस विधायक जी के सामने रख नोटों की गाड़ी वाले इस वीडियो को स्वीकार करेगी या वीडियो पर कोई संदेह है तो जांच के लिए सीबीआई को सौंपने का साहस दिखाएगी। या फिर कोयले वाले वीडियो की तरह मेरे ऊपर एफआईआर दर्ज कराएगी।

## मराठवाड़ा में जल ग्रिड परियोजना के लिए केंद्र से मदद की उम्मीद, सीएम शिंदे ने की गुजारिश

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को केंद्र सरकार द्वारा मराठवाड़ा में महत्वाकांक्षी जल ग्रिड परियोजना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने की उम्मीद जताई है। मराठवाड़ा मुक्ति दिवस कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए सीएम शिंदे ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री से इस परियोजना के लिए मदद की गुजारिश की थी। आठ जिलों वाला यह क्षेत्र हैदराबाद के निजाम के शासन के अधीन था। किसानों और आम नागरिकों के विद्रोह ने निजाम से इस क्षेत्र को मुक्त कराया



और 17 सितंबर 1948 में इसे भारत में मिला दिया गया।सीएम शिंदे ने कहा, हम मानसून के दौरान बहने वाली पानी को गोदावरी नदी बेसिन की ओर मोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। राज्य सरकार ने मराठवाड़ा में महत्वाकांक्षी जल ग्रिड परियोजना के लिए 15,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। हम पीएम मोदी से भी मदद की उम्मीद कर रहे हैं। हमें केंद्र सरकार से मदद मिले की उम्मीद है।

सही मात्रा में बारिश नहीं होने के कारण यह क्षेत्र पिछड़ा वर्ग में शामिल हो गया है। सीएम ने आगे कहा, क्षेत्र में ठीक से बारिश न होने के कारण किसानों को दिक्कत होती है। पिछले साल भी इस क्षेत्र के किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। इस दौरान हमने नियमों से परे जाकर उनके दुख को कम करने के लिए ज्यादा से ज्यादा धन वितरित किए थे।

## कैमल बैक में एक होटल में लगी भीषण आग, बाहर खड़े वाहन जले, दमकल ने हालात पर पाया काबू

**मसूरी, 17 सितम्बर [एजेंसी]।**

उत्तराखंड के मसूरी शहर में कुलड़ी कैमल बैक में होटल रिंक में भीषण आग लग गई। आग लगते ही पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और धुएं से इलाका पट गया। सूचना पर फायर और पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे। आग की घटना से आसपास दहशत का माहौल है। आग से अभी तक किसी भी प्रकार की जनहानि की खबर नहीं है। उत्तराखंड फायर सर्विस ने बयान जारी करते हुए कहा है कि आग नियंत्रण में है। स्थानीय लोगों के अनुसार, होटल में शॉर्ट सर्किट से आग लगी है। सुबह करीब 5 बजे लोगों ने होटल से



धुआं और आग की लपटों को देखा। आग से किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। फायर ब्रिगेड आग बुझाने में जुटी है। होटल के नीचे सड़क पर खड़े तीन वाहन भी आग की चपेट में आए गए हैं।

कैमल बैक में सड़क पर खड़े वाहनों के कारण फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को मौके पर ले जाने में मुश्किल हुई। आग बुझाने के लिए स्थानीय लोग भी सहयोग कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि होटल अधिकांश रूप से लकड़ी का बना था। होटल मालिक को खिड़की तोड़कर दमकल कर्मचारियों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। होटल में निर्माण कार्य चल रहा था।

## विश्वकर्मा योजना शुरू करने से पहले कारीगरों और शिल्पकारों से पीएम मोदी ने की बातचीत, बढ़ाया हौसला



**नईदिल्ली, 17 सितम्बर ।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अपना 73वां जन्मदिन मना रहे हैं। पीएम मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा कई कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। उनके इस जन्मदिन को भाजपा सेवा पखवाड़े के तौर पर मना रही है। इसके अलावा देश के विभिन्न हिस्सों में कई कार्यक्रम मनाए जा रहे हैं। पीएम मोदी का जन्म 17 सितंबर, 1950 को गुजरात के वडनगर में दामोदरदास मूलचंद मोदी और हीराबेन के घर हुआ था। वह अपने माता-पिता की छह संतान में तीसरे नंबर पर हैं। पीएम मोदी की शुरुआती शिक्षा वडनगर के भागवताचार्य नारायणाचार्य स्कूल में हुई थी। पीएम मोदी ने दिल्ली के द्वारका में यशोभूमि कहे जाने वाले इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर के पहले चरण को राष्ट्र को समर्पित किया। कुछ ही देर में वे पीएम विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर, द्वारका में कारीगरों और शिल्पकारों के साथ बातचीत की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर, द्वारका में एक नई योजना पीएम विश्वकर्मा की शुरुआत करेंगे। इससे पहले, उन्होंने भगवान विश्वकर्मा को पुष्पांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जन्मदिन के मौके पर द्वारका सेक्टर 21 से नए मेट्रो स्टेशन यशोभूमि द्वारका सेक्टर 25 तक दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस लाइन के विस्तार का उद्घाटन करने के बाद दिल्ली मेट्रो के कर्मचारियों के साथ बातचीत की।

पीएम मोदी के जन्मदिन को भाजपा धूमधाम के साथ मनाएगी। वह समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचने के लिए आज से दो अक्टूबर तक महात्मा गांधी की जयंती तक सेवा पखवाड़ा भी शुरू करेगी। पीएम मोदी का आज जन्मदिन है। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी लखनऊ में उनके जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

### सीएम भूपेश बघेल ने पीएम नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई दी

***रायपुर।*** *सीएम भूपेश बघेल ने पीएम नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई दी. आज देश के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है। उनका जन्म 17 सितंबर, 1950 को गुजरात के वडनगर में हुआ था। वह आज 73 साल के हो गए हैं। पीएम मोदी को दुनिया की बड़ी-बड़ी हस्तियों से आज जन्मदिन की शुभकामनाएं मिल रही है। वही पीएम मोदी की 73वीं जयंती पर भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को नमो ऐप पर सेवा पखवाड़ा नाम से एक विशेष अभियान शुरू किया है। सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत 6 कार्यक्रम को शामिल किया हैं, जिनमें देशवासी भाग ले सकते हैं। इसके जरिए सभी नागरिक पीएम मोदी को बर्थडे विश कर सकते हैं। यह अभियान आज यानि 17 सितंबर को शुरू किया गया और गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक जारी रहेगा।*


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

**डॉ.आर.के.अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

**डॉ.शशि अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

**सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।**

**मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)**

**विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...**

**पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा**


## भारी बारिश से जलमग्न मालवा-निमाड़, कहीं गांव डूबे, तो कहीं खेतों में भरा पानी



**इंदौर, 17 सितम्बर [एजेंसी]।**

मध्यप्रदेश में कल से जारी बारिश का दौर अब भी थमता नजर नहीं आ रही है। इन दो दिनों की बारिश ने जहां इंदौर में 61 सालों का 24 घंटे में सर्वाधिक बारिश का रिकार्ड तोड़ दिया तो वहीं कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात पैदा कर दिए। नर्मदा, ताप्ती और चंबल नदी उफान पर है, तो वहीं सैकड़ों एकड़ में लगी फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। इसके साथ ही कई इलाकों में भी पानी भर गया है, ऐसे में वहां से लोगों को रेस्क्यू कर निकाला गया है। आपको तस्वीरों के जरिए मालवा-निमाड़ की स्थिति बताते हैं। भारी बारिश के कारण ओंकारेश्वर में बांध से पहली बार 44000 क्यूमेक्स पानी एक साथ छोड़ा गया है। जिससे नर्मदा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। इसके साथ ही ओंकारेश्वर में बाढ़ का पानी गजानन आश्रम से दंडी स्वामी आश्रम चौराहे तक पहुंच गया है। क्षेत्र के घरों और दुकानों में पानी भरने से लोगों को नुकसान का सामना करना पड़ा है। लगातार बारिश और बांधों से पानी छोड़ने के कारण बैकवाटर फैलने से डूब क्षेत्र के गांव राजघाट, कुकरा सहित अन्य स्थानों पर पानी भर गया है। जिससे लोगों से घर खाली कर सामान शिफ्ट कर दिया है।रात से हो रही बारिश के कारण ताप्ती नदी उफान पर आ गई है। लगातार जलस्तर बढ़ने से ताप्ती पर बना जैनाबाद पुल और नेपानगर मार्ग का निमना पुल डूब जाने से दोनों का सीधा संपर्क कट गया है। शनिवार-रविवार की दरमियानी रात 2.30 बजे भारी बारिश के चलते शिवना नदी का पानी ने श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर के गर्भगृह में घुस गया। ढाई घंटे तक प्रतिमा का अर्द्ध जलाभिषेक करने के बाद रविवार सुबह पांच बजे शिवना का पानी नीचे उतर गया।

### देशभर में भारी बारिश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश समेत 25 से ज्यादा राज्यों में दो दिन अलर्ट

***नई दिल्ली 17 सितम्बर।*** *दक्षिण पश्चिम मानसून अपने आखिरी चरण में देश के ज्यादातर हिस्सों में जमकर बरस रहा है। शनिवार को पश्चिमी मध्य प्रदेश, पूर्वी राजस्थान और गुजरात क्षेत्र में भारी से बहुत भारी बारिश हुई। इसके अलावा दिल्ली, मुंबई समेत जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, पूर्वोत्तर के राज्यों और तमिलनाडु, केरल, ओडिशा लगभग सभी राज्यों में कहीं हल्की तो कहीं भारी बारिश हुई। दो दिन कुछ क्षेत्रों को छोड़कर देश के 25 से ज्यादा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में भारी बारिश की संभावना जताई है और यलो से लेकर रेड अलर्ट तक जारी किया है। कम दबाव का क्षेत्र बनने से घनघोर बारिश भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक पश्चिमी मध्य प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके चलते ही शनिवार को दक्षिण पश्चिम मध्य प्रदेश, उससे सटे राजस्थान और गुजरात के क्षेत्रो में असाधारण रूप से भारी वर्षा दर्ज की गई।*

## अनमोल वचन

छल करोगे तो छल मिलेगा, आज नहीं तो कल मिलेगा
अगर जियोगे जिंदगी सच्चाई से, तो सुकून हर पल मिलेगा !

# मुट्ठी पूरी खुल गई

अभी तक लोगों का ध्यान इस पर ही लगा है कि क्या सरकार विशेष सत्र में कोई और बड़ा चौंकाने वाला कदम भी उठाएगी, इसलिए आशंका है कि निर्वाचन आयुक्तों से संबंधी विधेयक बिना पूरी सार्वजनिक जांच-पड़ताल के ही कानून का रूप ले ले। जैसे केंद्र सरकार ने 18 सितंबर से संसद का विशेष सत्र बुलाने का एलान कर सबको चौंकाया था, वैसे ही उसने बुधवार देर रात सत्र का एजेंडा जारी कर लोगों को अटकलें लगाने की मानसिकता में डाल है। इसलिए कि जो अधिसूचना जारी की गई, उसे इंडिकेटिव (सूचक) एजेंडा कहा गया है। यानी उसमें यह गुंजाइश छोड़ी दी गई है कि सरकार सत्र के पांच दिनों के दौरान कोई और भी चौंकाने वाला विधायी कदम उठा सकती है। वैसे जो एजेंडा बताया गया है, वह भी कम महत्त्वपूर्ण नहीं है। उसमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया बदलने संबंधी उस बिल को पारित कराना भी शामिल है, जिसे सरकार ने मानसून सत्र के आखिर में पेश किया था। यह बिल पास होने के बाद निर्वाचन आयुक्तों को नियुक्त करने वाली कमेटी में सरकार का बहुमत हो जाएगा, जबकि भारत के प्रधान न्यायाधीश उस कमेटी से बाहर हो जाएंगे। जैसाकि पहले ही बताया गया था, अगले मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति नवंबर में होनी है, जबकि संसद का अगला सामान्य सत्र दिसंबर में होता। उस स्थिति में सरकार की सारी गणना नाकाम हो सकती थी। लेकिन यह एक खतरनाक कदम है। इससे निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर सवाल और गहराएंगे। सरकार को यह सामान्य सिद्धांत ध्यान में रखना चाहिए कि निष्पक्षता ना सिर्फ बनी रहनी चाहिए, बल्कि ऐसा सबको दिखना भी चाहिए। चुनावों की विश्वसनीयता लोकतंत्र का सर्वोपरि महत्त्वपूर्ण पहलू है। अगर सरकार ने निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया बदल दी, तो अगले आयुक्त लगातार संदेह के घेरे में बने रहेंगे, भले वे असल में चुनावों को गलत ढंग से प्रभावित करने का कोई कार्य ना करें। निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता के साथ चुनावों की साख जुड़ी होती है। चूंकि अभी तक लोगों का ध्यान इस पर ही लगा है कि क्या सरकार कोई बड़ा चौंकाने वाला कदम भी उठाएगी, इसलिए आशंका है कि निर्वाचन आयुक्तों संबंधी विधेयक बिना पूरी सार्वजनिक जांच-पड़ताल के ही कानून का रूप ले ले। वैसे यह सवाल भी अहम है कि सरकार ने विशेष सत्र के बारे में पूरी मुट्ठी खोल दी है, या अभी उसमें कुछ छिपा रखा है।

## राशिफल

मेष राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज सरकारी संस्थान से जुड़े लोगों का दिन अच्छा रहेगा, जबकि प्राइवेट काम करने वाले लोगों का दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको ऑफिस में एक्सट्रा काम करना पड़ सकता है।

वृष राशि-आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहेगा। जीवनसाथी के साथ आप किसी ट्रिप की प्लानिंग कर सकते हैं। आप उन्हें कोई गिफ्ट दे सकते हैं, आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आप अच्छे काम में अपना सहयोग दे सकते हैं, इससे समाज में आपका नाम होगा।

मिथुन राशि-आज का दिन आपके लिए बढ़िया है। आज किसी प्रॉपर्टी डीलर से आपकी मुलाकात हो सकती है। आप किसी प्रॉपर्टी में निवेश करने के बारे में सोच सकते हैं। दोस्त की मदद से आपको किसी अच्छी कम्पनी में नौकरी मिलने के योग हैं।

कर्क राशि-आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज आप पिता का कोई जरूरी काम पूरा करने में सफल होंगे। पिता को आप पर गर्व होगा। छात्रों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आप किसी नये कोर्स के बारे में सोच-विचार कर सकते हैं। आज आपको बड़े भाई-बहनों से पूरा सहयोग मिलेगा। नौकरी कर रहे लोगों को आज काम करने में आसानी होगी

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आपके पास नई जिम्मेदारियां आ सकती हैं, घर के सहयोग से आप हर काम को अच्छे से संभाल लेंगे। आप घर में किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी भी करवा सकते हैं। आस-पड़ोस के लोग आपको देखकर खुश होंगे। कोई व्यक्ति आपसे अपने बच्चों के करियर के लिए सलाह ले सकता है,आप उन्हें निराश नहीं करेंगे।

कन्या राशि-आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप किसी धार्मिक कार्य में रुचि लेंगे। ऑफिस का कोई व्यक्ति आपके घर पर आ सकता है, उनके साथ आप कुछ बातें शेयर कर सकते हैं। बच्चे किसी काम में आपकी मदद ले सकते हैं, आप बच्चों का पूरा सहयोग करेंगे।

तुला राशि-आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको अपनी कार्य कुशलता को बढ़ाने की जरूरत है। आज आप करियर को लेकर कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। नए कोर्स में एडमिशन के लिए आपको ज्यादा भागदौड़ करनी पड़ेगी। आज आप जीवनसाथी व बच्चों के साथ शॉपिंग के लिए जाएंगे।

वृश्चिक राशि-आज का दिन आपके लिए ठीक रहेगा। आज बच्चों के किसी काम में आपका ज्यादा खर्च हो सकता है। काम के मामले में आपको अनुभवी लोगों से सम्पर्क बढ़ाने की जरूरत है। आप पूरी मेहनत के साथ आगे बढ़ेंगे, आपको काम में सफलता मिलेगी। किसी की कही-सुनी बातों पर विश्वास करने से आपको बचना चाहिए।

धनु राशि-आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। अगर आप किसी से अपने दिल की बात कहना चाहते हैं तो आज का दिन आपके लिए बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आप अपने काम में पूरी एकाग्रता से करेंगे। जो लोग शादीशुदा है, वो आज कहीं घूमने जा सकते हैं। आपका समय बहुत अच्छा बीतेगा। लोहे के कारोबारियों को अच्छा फायदा होगा।

मकर राशि-आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज के दिन आपको काम में बड़ी ही सतर्कता बरतनी होगी। इस राशि की जो महिलाएं बिजने फील्ड से जुड़ी हैं उनके लिए आज ज्यादा लाभ के योग बन रहे हैं। फल से जुड़े बिजनेस कर रहे लोगों का काम अच्छा चलेगा, आय में वृद्धि होगी।

कुंभ राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज जीवनासाथी से बिजनेस की कोई बात शेयर करने से काम को लेकर आपको कोई अच्छी सलाह मिलेगी। बच्चे आज किसी स्पोर्ट्स एक्टिविटी में भाग ले सकते हैं। आज आप किसी बात में बेवजह उलझे रहेंगे। काफी समय से जॉब की तलाश कर रहे लोगों को किसी कंपनी से जॉब ऑफर आएगा।

मीन राशि-आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज आप कोई नया बिजनेस शुरू करने के बारे में सोच सकते हैं। आपको घर के बड़ों से पूरा सपोर्ट मिलेगा, आर्थिक रूप से पिता आपकी मदद करेंगे। परिवार में लोगों के बीच अच्छा तालमेल बना रहेगा। शाम को आप परिवार के साथ किसी फंक्शन में जा सकते हैं।

# अगले चुनाव में संस्कृतियों का संघर्ष भी!

//अजीत द्विवेदी//

**सबसे पहले यह साफ कर देना जरूरी है कि संस्कृतियों का संघर्ष और सभ्यताओं का संघर्ष बिल्कुल अलग अलग चीजें हैं। ढेर सारी संस्कृतियों को मिला कर एक सभ्यता या एक देश का निर्माण होता है। भारत इसकी मिसाल है। यह अनेक संस्कृतियों का समुच्चय है और सामाजिक स्तर पर इन संस्कृतियों के बीच सतत टकराव चलता रहता है, जिससे सामाजिक सुधारों का रास्ता बनता है। लेकिन शायद ही कभी ऐसा हुआ हो कि संस्कृतियों का सवाल राजनीति और चुनाव का मुद्दा बना हो। यह संभवतः पहली बार है, जब संस्कृति के सवाल राजनीति के केंद्र में हैं और बहुत संभव है कि अगले चुनाव में सांस्कृतिक मुद्दे प्रमुखता से उठाए जाएं। 2024 के लोकसभा चुनाव में राजनीतिक मुद्दों से इतर संस्कृति, भाषा, परंपरा, खान-पान और मान्यताओं से जुड़े मुद्दे भी मुख्य भूमिका में होंगे।**

सतह के नीचे ये मुद्दे बहुत दिन से मौजूद थे और खदबदा रहे थे लेकिन हाल की कुछ घटनाओं ने इसे सतह के ऊपर ला दिया और लोकप्रिय राजनीतिक विमर्श का मुद्दा बना दिया है। पहली घटना विपक्षी पार्टियों के गठबंधन द्वारा अपना नाम 'इंडिया' रखने की है। इसके बाद इंडिया बनाम भारत की बहस छिड़ी, जो जी-20 शिखर सम्मेलन में चारों तरफ दिखाई दी। ध्यान रहे यह कोर राजनीतिक सवाल नहीं है। यह सभ्यता और भाषा दोनों का सवाल है। जिस दिन से यह विवाद सार्वजनिक स्पेस में पहुंचा है उस दिन से व्हाट्सऐप पोस्ट शेयर हो रहे हैं कि जब दुनिया के किसी देश का नाम अंग्रेजी और हिंदी में अलग अलग नहीं है तो भारत का भी नहीं होना चाहिए। इससे अपने आप अंग्रेजी और हिंदी की बहस छिड़ी है, जिसमें दक्षिण भारत के राज्य स्वाभाविक रूप से शामिल होंगे। जिस तरह जी-20 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री की कुर्सी के आगे भारत लिखा गया था या प्रधानमंत्री ने जिस तरह से अपने संबोधन में हर बार सिर्फ भारत का इस्तेमाल किया या जिस तरह आयोजन स्थल यानी भारत मंडपम से लेकर पूरे कार्यक्रम में हर तरफ सिर्फ भारत लिखा दिखा उससे यह बहस आगे बढ़ेगी। अगला चुनाव आते आते यह भाषा का बड़ा सवाल बनेगा।

इस तरह इस एक मुद्दे में दो मुद्दे हो गए। पहला मुद्दा इंडिया बनाम भारत का है और दूसरा भाषा का है। इंडिया बनाम भारत में आधे-अधूरे या झूठे-सच्चे तथ्यों और तर्कों के आधार पर यह साबित किया जा रहा है कि इंडिया नाम अंग्रेजों या यूरोपीय लोगों का दिया हुआ है और गुलामी का प्रतीक है, जबकि भारत स्वदेशी नाम है, जिसकी जड़ें धार्मिक मान्यताओं में निहित हैं और सदियों से यह नाम प्रचलित है। यह अलग बात है कि इंडिया और भारत दोनों नाम जब चलन में आए तो विंध्य पार का हिस्सा इनमें शामिल नहीं था। हकीकत यह है कि दोनों की उत्पति उत्तर भारत में है। इंडिया नाम की उत्पति सिंधु से हुई है। वह लंबी कहानी है कि कैसे सिंधु से हिंदू हुआ और फिर उसे इंडस, इंडिका या इंडिया हुआ। इसी तरह भारत को लेकर धार्मिक मान्यता है कि दुष्यंत व शकुंतला के पुत्र भरत के नाम पर यह नाम पड़ा या अयोध्या के राजा दशरथ के दूसरे पुत्र भरत के नाम से पड़ा। लेकिन ऐतिहासिक तथ्य मौजूदा समय की रावी नदी के तट पर 10 राजाओं को पराजित करने वाले राजा के नाम से देश का नाम भरत होने का संकेत देते हैं। सो, इंडिया और भारत दोनों नामों की उत्पत्ति उत्तर भारत से है। अगर मोटा-मोटी कहें तो यह विवाद इस बात का है कि भारत सनातन का प्रतीक है और इंडिया सनातन का कंट्रास्ट या उसका विरोधी है।तभी यह अनायास नहीं है कि तमिलनाडु के खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म को लेकर बेहद तीखा बयान दिया। उदयनिधि के साथ साथ उनकी पार्टी के सांसद ए राजा ने भी सनातन पर बेहद अपनाजनक बयान दिया। लेकिन दिलचस्प बात है कि भाजपा और कुछ हिंदू संगठनों को छोड़ कर किसी ने उनके बयानों की तीखी आलोचना नहीं की। दक्षिण में तो कहीं आलोचना सुनने को नहीं मिली। उलटे इस आधार पर उदयनिधि के बयान को न्यायसंगत ठहराया गया कि उन्होंने सनातन का विरोध यह कहते हुए किया कि वह दलितों, पिछड़ों, वंचितों, आदिवासियों, महिलाओं के प्रति पूर्वाग्रह और भेदभाव वाला है। उन्होंने जातिप्रथा और पितृसत्तात्मक मान्यताओं के उन्मूलन की बात कही, जो सनातन की पहचान है। तमिलनाडु में उदयनिधि ने जो किया वह काम बिहार में शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर और उत्तर प्रदेश में स्वामी प्रसाद मौर्य पहले शुरू कर चुके हैं। सनातन के केंद्र में ब्राह्मण और अन्य अगड़ी जातियां हैं तो उसके कंट्रास्ट में पिछड़े, दलित, आदिवासी हैं। सो, यह संस्कृतियों के संघर्ष का तीसरा मुद्दा है। पहला, इंडिया बनाम भारत, दूसरा, हिंदी बनाम अंग्रेजी और तीसरा, सनातन बनाम पिछड़ा-दलित-आदिवासी-महिला आदि।

इसी से जुड़ी चौथा मामला है शाकाहार और मांसाहार का। खान-पान का मामला बेहद निजी होता है लेकिन यह प्रत्यक्ष रूप से संस्कृतियों से जुड़ा है। सनातन बनाम अन्य की बहस का एक बड़ा मुद्दा है यह। तभी अनायास नहीं है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद के घर जाकर मटन पकाया और उसका लंबा वीडियो पोस्ट किया तो दूसरी ओर जी-20 शिखर सम्मेलन का पूरा मेन्यू शाकाहारी रखा गया और उसे प्रचारित भी कराया गया। सोचें, एक तरफ राहुल गांधी और लालू प्रसाद का पूरा परिवार खड़े होकर मटन पका रहा था और देश के लोगों को मटन पकाने का तरीका सिखा रहा था तो दूसरी ओर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से विदेशी मेहमानों को शाकाहारी भोजन कराया जा रहा था! जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल हुए लगभग सभी विदेशी मेहमान सांस्कृतिक रूप से मांसाहार करने वाले होंगे। लेकिन मेहमान की खान-पान की संस्कृति और रूचियों की बजाय भारत सरकार ने मेजबान की रूचि का खान-पान परोसा। आमतौर पर ऐसा नहीं होता है। लेकिन भारत ने ऐसा किया तो उसके पीछे कहीं न कहीं सनातन की सांस्कृतिक श्रेष्ठता प्रदर्शित करने का भाव था। ध्यान रहे भारत में 75 फीसदी से ज्यादा आबादी मांसाहार करती है और यह धर्म से ज्यादा लोगों की आर्थिक स्थितियों से जुड़ा मामला है।

कुल मिला कर संस्कृति, परंपरा, भाषा आदि के सवाल अगले चुनाव से पहले जिस तरह से उठाए जा रहे हैं या अपने आप राजनीतिक, सामाजिक विमर्श के केंद्र में आ रहे हैं उससे लग रहा है कि अगले चुनाव में इनकी बड़ी भूमिका होगी। राजनीति से जुड़े मुद्दे अपनी जगह होंगे, सरकार अपनी उपलब्धियां गिनाएगी और विपक्ष कमियां बताएगा। भ्रष्टाचार, महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी आदि के आरोप भी लगेंगे। 'मुफ्त की रेवड़ी' की भी भूमिका होगी। लेकिन इन सबके बीच पहली बार ऐसा होगा कि संस्कृति का सवाल राजनीति की दिशा तय करेगा। भाजपा और विपक्ष दोनों के लिए यह तलवार की धार पर चलने जैसा है। भाजपा को उम्मीद है कि सनातन, ब्राह्मण, हिंदी, शाकाहार, भारत और राम का नाम अंततः व्यापक हिंदू समाज को उसके लिए वोट डालने को मजबूर करेगा तो दूसरी ओर विपक्ष को लग रहा है कि सनातन विरोध, इंडिया, मांसाहार, अहिंदा, पिछड़ा आदि का मुद्दा आर्थिक, सामाजिक व शैक्षणिक रूप से पिछड़े तमाम लोगों को भाजपा के खिलाफ एकजुट कर देगा।

# भारत ने जी20 को आर्थिक सहयोग के एक प्रमुख मंच के रूप में स्थापित किया

//लक्ष्मी पुरी//

**प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 20 वर्षों में एक बार मिलने वाली जी20 की इंडिया यानी भारत की अध्यक्षता ऐतिहासिक मानी जाएगी। इस अध्यक्षता ने एक ऐसी अमिट छाप छोड़ी है जिसकी अनदेखी करना घरेलू और विदेशी आलोचकों के लिए भी कठिन होगा। भारत की भौतिक, सांस्कृतिक, सभ्यतागत भव्यता और इसकी आर्थिक, वैज्ञानिक व तकनीकी प्रगति एवं गतिशीलता पूरी तरह से परिलक्षित हुई। भारत की कूटनीतिक व सर्वसम्मति निर्माण कौशल और सबसे अधिक आबादी वाले एवं युवाओं की संख्या के मामले में सबसे समृद्ध तथा सबसे पुराने, सबसे बड़े एवं सबसे अधिक विविधतापूर्ण लोकतांत्रिक देश की हैसियत ने इस जनता के जी20' में इसकी अध्यक्षता को एक विशेष गरिमा प्रदान की। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार की असाधारण प्रतिबद्धता ने भारत को विश्वगुरु' और विश्वामित्र' के रूप में वैश्विक मंच पर स्थापित कर दिया। भारत की यह छवि उच्चतम स्तर की भागीदारी और एक सार्थक दिल्ली घोषणा में दिखाई दी।**

यह परिधि से निकलकर वैश्विक आर्थिक निर्णय-प्रक्रिया के केन्द्र में पहुंचने की भारत की यात्रा का प्रतिनिधित्व करता है। भारत ने यह संकेत दिया कि वह उत्तर-दक्षिण सहयोग को बढ़ावा देने और संवाद में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसकी सामाजिक न्याय की विशाल परियोजनाएं ग्लोबल साउथ के देशों में प्रतिकृति और विस्तार की दृष्टि से मानक बनती हैं। तीव्र आर्थिक विकास, सतत विकास, जलवायु कार्रवाई और सभी के लिए मानवीय प्रतिक्रिया से लैस वैश्विक सार्वजनिक कल्याण सुनिश्चित करने के विकसित एवं विकासशील देशों के इस सबसे शक्तिशाली समूह को आगे बढ़ाने के जिम्मेदारियों के प्रति प्रधानमंत्री मोदी का समावेशी एवं मानव-केन्द्रित दृष्टिकोण जी20 की भारत की सफल अध्यक्षता की पहचान बन गया।

एक अभिजात्य बहुपक्षीय मंच के तौर पर, जी20 का जन्म 2008 के वैश्विक संकट के दौरान हुआ था। इसने वास्तविक सार्वभौमिक बहुपक्षीय मंच से वैश्विक आर्थिक एवं वित्तीय शासन के एजेंडे को अपहृत कर लेने की आलोचना को सहते हुए इस संकट से उबरने में काफी हद तक मदद की। पिछले कुछ वर्षों में, जी20 ने अपनी उपयोगिता साबित की है। लेकिन, अब इसे अब तक के गंभीरतम संकटों से निपटना है। अतिव्यापी और आपस में एक-दूसरे से परस्पर जुड़े हुए ये संकट एक साथ उभरे हैं। इन संकटों में जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरणीय क्षरण से लेकर कोविड-19 से उपजे व्यापक सामाजिक-आर्थिक विनाश, रूस-यूक्रेन युद्ध, बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, भोजन, उर्वरक, ईंधन एवं वित्तीय संकट और आपूर्ति श्रृंखला की असुरक्षा शामिल है, जो ग्लोबल साउथ के देशों को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहे हैं। यह सब एक ऐसे समय में हो रहा है जब संयुक्त राष्ट्र, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व व्यापार संगठन जैसे बहुपक्षीय संस्थान संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुटिरेज के शब्दों में भारी शिथिलता के शिकार हो गए हैं।

18वें जी20 शिखर सम्मेलन में दक्षिणी दुनिया के देशों से किए गए प्रधानमंत्री श्री मोदी के वादे आपकी आवाज भारत की आवाज है, आपकी प्राथमिकताएं भारत की प्राथमिकताएं हैं - को प्रभावशाली और ठोस तरीके से निभाया गया है। भारत ने 54 देशों वाले अफ्रीकी संघ - दूसरे सबसे बड़े संसाधन संपन्न महाद्वीप, जहां 1.466 बिलियन लोग सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को पाने के लिए जूझ रहे हैं - को जी20 में शामिल करके वैश्विक शासन की समावेशिता एवं लोकतंत्रीकरण की राह में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

जी20 की अध्यक्षता के लिए भारत की सभी सात विषयगत प्राथमिकताओं का जहां तक प्रश्न है, इसने वास्तव में ग्लोबल साउथ के देशों के लिए समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्योन्मुख और निर्णायक परिणाम दिए हैं। इन परिणामों में एसडीजी को हासिल करने की दिशा में हुई प्रगति में तेजी लाना तथा जी20 कार्ययोजना एवं उच्चस्तरीय सिद्धांतों को लागू करना, वित्तपोषण के मामले में व्याप्त अंतर को पाटने तथा यूएनएसजी के एसडीजी संबंधी प्रोत्साहन का समर्थन करने हेतु सभी स्रोतों से किफायती, पर्याप्त एवं सुलभ वित्तपोषण जुटाना, जी20 रोडमैप के अनुरूप स्थायी वित्त को बढ़ाना; खाद्य सुरक्षा एवं पोषण से संबंधित दक्कन उच्चस्तरीय सिद्धांतों के अनुरूप वैश्विक खाद्य सुरक्षा को बढ़ाना, खाद्यान्नों एवं उर्वरकों की कीमतों में व्याप्त अस्थिरता से निपटना और आईएफएडी संसाधनों को बढ़ाना शामिल है। एक स्वास्थ्य' के दृष्टिकोण को अपनाते हुए, जी20 ने सहयोग का एक व्यापक पैकेज अपनाया, जिसमें विश्व स्वास्थ्य संगठन के नेतृत्व वाली महामारी से जुड़ी तैयारियों एवं निगरानी प्रणालियों को बढ़ाना और स्वास्थ्य सहयोग को वित्तपोषित करना शामिल है। सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि पेरिस प्रतिबद्धताओं को लागू करने के मजबूत संकल्प के साथ ठोस हरित विकास समझौता थी। प्रधानमंत्री मोदी के लाइफ मिशन को सतत विकास के लिए जीवनशैली से संबंधित जी20 के उच्चस्तरीय सिद्धांतों में रूपांतरित कर दिया गया।

इसने हरित जलवायु कोष (ग्रीन क्लाइमेट फंड) की महत्वाकांक्षी दूसरी पुनःपूर्ति और निजी वित्त और जलवायु अनुकूल प्रौद्योगिकियों के विकास, साझाकरण, तैनाती और वित्तपोषण और बहुवर्षीय तकनीकी सहायता योजना (टीएएपी) कार्यान्वयन पर मजबूत प्रतिबद्धता का आह्वान किया। इसने अपने एनडीसी को लागू करने के लिए 2030 से पहले ग्लोबल साउथ के देशों के लिए 5.9 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की जरूरत और अकेले स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के लिए चार ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की जरूरत को रेखांकित किया। इसने विभिन्न पक्षों से 100 बिलियन की पेरिस प्रतिबद्धता को लागू करने और एक महत्वाकांक्षी, पता लगाने योग्य एवं पारदर्शी नए सामूहिक मात्रात्मक लक्ष्य (एनसीक्यूजी) को निर्धारित करने का आह्वान किया। न्यायसंगत ऊर्जा परिवर्तन के संबंध में, ऊर्जा परिवर्तन के लिए महत्वपूर्ण खनिजों पर सहयोग के लिए अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) के उच्चस्तरीय सिद्धांतों द्वारा संचालित ग्रीन हाइड्रोजन इनोवेशन सेंटर शुभारंभ किया गया। जी20 ने वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन के शुभारंभ के लिए भी संदर्भ प्रदान किया।

प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के संबंध में, इसने जी20 2023 वित्तीय समावेशन कार्य योजना, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की प्रणालियों के लिए जी20 फ्रेमवर्क और एक वैश्विक डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे से संबंधित रिपॉजिटरी के निर्माण व रखरखाव की भारत की योजना का समर्थन किया। कम आय वाले देशों में डीपीआई के लिए क्षमता निर्माण, तकनीकी सहायता और वित्त पोषण संबंधी सहायता प्रदान करने के वन फ्यूचर एलायंस (ओएफए) के भारत के प्रस्ताव का स्वागत किया गया। क्रिप्टो परिसंपत्तियों के लिए एक साझा एफएसबी एवं एसएसबी कार्ययोजना तथा एक व्यापक एवं समन्वित नीतियों एवं नियामक ढांचे के लिए एक रोडमैप निर्धारित किया गया।

जी20 ने संयुक्त राष्ट्र एवं अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों को फिर से सुदृढ़ करने एवं उनमें सुधार करने, बड़े, बेहतर एवं अधिक प्रभावी बहुपक्षीय विकास बैंक प्रदान करने, आईडीए की महत्वाकांक्षी 21 पुनःपूर्ति सहित विकास वित्त में बिलियन से ट्रिलियन तक की लंबी छलांग लगाने और आईएमएफ शासन कोटा में सुधार को दिसंबर 2023 तक पूरा करने का संकल्प व्यक्त किया। विकासशील देशों के अभूतपूर्व 9 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण के मामले को संबोधित करते हुए, जी20 ने जी20 की ऋण निलंबन पहल के अधिक प्रभावी कार्यान्वयन का आह्वान किया और इससे आगे जाने पर सहमति व्यक्त की। 21वीं सदी के लिए विश्व स्तर पर निष्पक्ष, टिकाऊ एवं आधुनिक अंतरराष्ट्रीय कराधान प्रणाली और अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद एवं धन शोधन के मामले में उल्लेखनीय प्रगति हुई।

जी20 शिखर सम्मेलन ने यूक्रेन-रूस संघर्ष के मुद्दे पर आम सहमति का प्रतिनिधित्व किया और इस बात पर जोर दिया कि यह युद्ध का युग नहीं होना चाहिए। यह भरोसे के निर्माण की दृष्टि से एक बड़ी जीत है। इसने भारत को जी20 को सबसे अच्छे और सबसे बुरे समय में बेहद जरूरी वैश्विक आर्थिक सहयोग के एक प्रमुख मंच के रूप में बहाल करने में समर्थ बनाया।

## तस्वीरों की दुनिया



मधुबनी के झंझारपुर में एक सार्वजनिक बैठक के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी।


सेना की उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने अनंतनाग जिले के कोकेरनाग वन क्षेत्र में चार दिनों से चल रही मुठभेड़ स्थल के पास परिचालन स्थिति की समीक्षा की।


पीर पंजाल ब्रिगेड के कमांडर, पीएमएस ढिल्लों ने बारामूला में यूआरआई सेक्टर में भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के संयुक्त अभियान के संबंध में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया, जहां तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया था।


अनंतनाग जिले में चल रही मुठभेड़ के दौरान विस्फोट के बाद धुआं उठता हुआ।


अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में गुरु ग्रंथ साहिब की स्थापना की 419वीं वर्षगांठ पर नगर कीर्तन जुलूस के दौरान एक सिख भक्त ने अपने हाथ में एक चील पकड़ रखी थी।


अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में गुरु ग्रंथ साहिब की स्थापना की 419वीं वर्षगांठ पर एक धार्मिक जुलूस के दौरान सिख श्रद्धालु गुरु ग्रंथ साहिब को ले जाते हुए।

# हत्या-दुष्कर्म के आरोपी भाजपा नेता के घर पर चलेगा बुलडोजर, जांच के दौरान भाग गया था नेपाल, गिरफ्तार

**महराजगंज, 17 सितम्बर [एजेंसी]।**

हत्या, दुष्कर्म और छेड़छाड़ के मामले में फरार भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष मासूम रजा राही को पुलिस ने शनिवार की रात नौ बजे के करीब नेपाल सीमा से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी 10 दिनों से नेपाल में छिपा था। नेपाल से भारत में प्रवेश करने के दौरान उसे पुलिस ने पकड़ लिया। आरोपी को कोतवाली लाकर पुलिस पूछताछ में जुटी है। शहर के वीरबहादुर नगर वार्ड निवासी मासूम रजा राही के विरुद्ध संतकबीनगर जिले के मेंहदावल की युवती ने पांच सितंबर को दुष्कर्म, छोटी बहन से छेड़खानी व विरोध करने पर पिता की हत्या करने का मुकदमा दर्ज कराया था। पूछताछ के लिए कोतवाली बुलाए गए पूर्व भाजपा नेता को पुलिस ने छोड़ दिया था, जिसके बाद वह फरार हो गया। विवेचना के दौरान पता चला कि युवती को बयान बदलने के लिए नौ लाख रुपये दिए गए। साथ ही धमकी भी दी गई कि बयान नहीं बदलने पर उसके भाई की हत्या करा दी जाएगी। पुलिस टीम ने पीड़िता के पास से नौ लाख रुपये भी बरामद किए थे। कोर्ट से आरोपी की गिरफ्तारी के लिए गैर जमानती वारंट भी जारी हुआ था। पूर्व भाजपा नेता की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीम गठित की गई थी। महाराष्ट्र, दिल्ली, लखनऊ, प्रयागराज, देवरिया, गोरखपुर समेत कई जिलों में पुलिस टीम मासूम रजा राही की तलाश कर रही थी। नेपाल फरार होने के चलते वह पुलिस की पकड़ से दूर रहा। एसपी डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि शनिवार की रात को मासूम रजा राही को नेपाल सीमा के समीप भारतीय क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। शनिवार की रात में वह अंधेरे का लाभ उठा कर नेपाल से भारत में प्रवेश कर रहा था कि सीमा पर गश्त कर रहे पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया।दुष्कर्म के आरोपी पूर्व जिलाध्यक्ष को बचाने के आरोप में तत्कालीन कोतवाल समेत 14 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर व नगर चौकी इंचार्ज समेत पांच पुलिस कर्मी निलंबित किए जा चुके हैं। आरोपी के मददगार एक सिपाही समेत दो जेल भी जा चुके हैं।हत्या, दुष्कर्म, छेड़छाड़ व एससी-एसटी एक्ट के मामले के आरोपी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष मासूम रजा राही की मुश्किलें बढ़ गई हैं। जिला प्रशासन ने उसके द्वारा अर्जित अवैध संपत्तियों की जांच भी शुरू कर दी है। साथ ही शहर में स्थित बिना नक्शा पास कराए बनाए गए मकान पर ध्वस्तीकरण के लिए अंतिम नोटिस भी चस्पा कर दी है। माना जा रहा है कि इसके बाद जिला प्रशासन कभी भी इस मकान को ध्वस्त करा सकता है।

## सांवलिया सेठ का खुला भंडार, साढ़े सात करोड़ से अधिक की राशि निकली, गिनती जारी



**उदयपुर, 17 सितम्बर [एजेंसी]।**

दक्षिणी राजस्थान के प्रख्यात कृष्ण धाम सांवरिया सेठ के भंडारे में निकली राशि की गिनती जारी है। शनिवार देर शाम साढ़े सात करोड़ रुपये की गिनती की जा चुकी है। नोटों की गिनती के साथ सोने-चांदी का वजन और ऑनलाइन चढ़ावा राशि की गणना अभी बाकी है। इस बार अनुमान लगाया जा रहा है कि दान में मिली धनराशि का ग्राफ 12 करोड़ रुपये से पार हो जाएगा। मंदिर मंडल के प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर के अनुसार, दो दौर में हुई गिनती में अबतक सात करोड़ 48 लाख 9 हजार की चढ़ावा राशि प्राप्त हो चुकी है। अभी भी बड़ी मात्रा में नोटों के बोरे भरे हुए हैं। इनकी गिनती के साथ मंदिर मंडल के भेंट कक्ष में नकद और भेंट के रूप में मिली राशि की गणना का काम भी होना है। वहीं, भंडार और भेंट कक्ष में मिले सोने-चांदी का वजन करना भी शेष है। इस बार सावन मास के साथ जलझुलनी एकादशी पर भी लाखों लोग भगवान के दर्शन करने आए थे। ऐसे में चढ़ावा राशि 12 करोड़ रुपये पार होने की उम्मीद जताई जा रही है।राशि गणना के दौरान सांवरिया जी मंदिर मंडल बोर्ड के अध्यक्ष भैरूलाल गुर्जर, अशोक कुमार शर्मा, भैरूलाल सोनी, प्रशासनिक अधिकारी टेलर, सदस्य श्रीलाल पाटीदार, ममतेश शर्मा आदि मौजूद थे।

## फॉर्च्यूनर, इनोवा, स्कॉर्पियो... पांच सौ कार चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 1.32 करोड़ रुपये बरामद

**अहमदाबाद 17 सितम्बर ।** गुजरात पुलिस ने महंगी कारों की चोरी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश कर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। दिल्ली, एनसीआर और आसपास के अन्य राज्यों से इस गिरोह ने लगभग 500 कारों की चोरी की है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की 10 गाड़ियां बरामद की हैं, जिनमें फॉर्च्यूनर, इनोवा, स्कॉर्पियो औरक्रेटा जैसी कारें शामिल हैं। इनके पास से 1.32 करोड़ नकद भी बरामद किया गया है। गुजरात अपराध शाखा के पुलिस उपाधीक्षक चैतन्य मांडलिक ने बताया कि पकड़े गये दो आरोपितों में से एक अशरफ सुल्तान उर्फ गाजी उत्तर प्रदेश के मेरठ से है। जबकि, इरफान झारखंड की राजधानी रांची का है। इनके गिरोह में उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, बंगाल आदि राज्यों के दो दर्जन से अधिक लोग शामिल हैं, जो इन राज्यों से लग्जरी कारों की चोरी करने के बाद एंटी थेफ्ट सिस्टम को फेल कर देते थे। यह गिरोह अब तक 500 कारों की चोरी कर चुका है। कारों की चेसिस, इंजन नंबर आदि को उत्तर भारत के राज्यों की कारों के साथ मिलाने के बाद इन कारों का पंजीकरण वे उत्तर पूर्व के राज्यों के परिवहन विभाग से कराते थे। इसके बाद इन कारों को उत्तर भारत के राज्यों में बेच दिया करते थे।

## स्वयंभू संत राम पाल की मुश्किलें बढ़ीं, हाई कोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका, की तल्ख टिप्पणी



**चंडीगढ़, 17 सितम्बर [एजेंसी]।**

पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने शुक्रवार को स्वयंभू संत राम पाल की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। जिस पर 2014 में सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने के प्रयास का मामला दर्ज किया गया था। हाई कोर्ट द्वारा जारी 18 पेज के आदेश में कहा गया है कि केवल लंबी अवधि तक हिरासत में रहने के आधार पर जमानत नहीं दी जा सकती। कथित तौर पर रामपाल ने गिरफ्तारी का विरोध करने के लिए अपने आश्रम के सामने भक्तों की भारी भीड़ इकट्ठा की थी व भक्तों को मानव ढाल के लिए प्रयोग किया। जस्टिस जीएस संधावालिया और जस्टिस आलोक जैन की पीठ अपने आदेश में कहा कि राम पाल को बड़ी मुश्किल से गिरफ्तार किया गया था और उसकी लंबी हिरासत अकेले उसे जमानत का हकदार नहीं बनाती है।खंडपीठ ने कहा बड़ी मुश्किल से गिरफ़्तारी वारंटों को क्रियान्वित किया गया, जिसके लिए आश्रम में एकत्रित महिलाओं और एक बच्चे के निर्दोष जीवन की बहुमूल्य कीमत चुकानी पड़ी, जिन्हें मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था। ऐसी परिस्थितियों में हम हमारी राय है कि केवल लंबी हिरासत के कारण याचिकाकर्ता नियमित जमानत के लाभ का हकदार नहीं है। गिरफ्तारी के बाद से राम पाल ने आठ साल, आठ महीने और 25 दिन से अधिक समय जेल में बिताया है। यह 2014 के मामले में नियमित जमानत की मांग करते हुए उनके द्वारा दायर की गई दूसरी जमानत याचिका है। उन पर शस्त्र अधिनियम और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान की रोकथाम अधिनियम के तहत कई धाराओं के तहत आरोप लगाया गया है।

2014 में जब पुलिस अन्य मामले में राम पाल को गिरफ्तार करने गई तो उसने अपनी गिरफ्तारी का विरोध करने के लिए महिलाओं और बच्चों सहित बड़ी संख्या में भक्तों को इकट्ठा किया। इसी गिरफ्तारी के दौरान ही हिंसक झड़प हुई। राम पाल के खिलाफ 2014 में एक और एफआईआर दर्ज की गई। एफआईआर के अनुसार, राम पाल ने लगभग 600-700 महिलाओं और बच्चों को मुख्य द्वार के बाहर बैठा दिया और 1500-2000 युवा लाठी, बम और बंदूकें लेकर आश्रम की छत पर तैनात थे। जब पुलिस ने लाउडस्पीकर पर घोषणा की कि गिरफ्तारी वारंट हैं तो राम पाल के सहयोगियों ने आश्रम के बाहर डीजल और पेट्रोल के केन वाले लोगों को बैठा दिया, जो पुलिस को धमकी दे रहे थे कि वे राम पाल को गिरफ्तार नहीं होने देंगे और पुलिस को ऐसा करने के लिए उनके शवों के ऊपर से गुजरना पड़ेगा। पीठ ने कहा कि उसे पहले ही दो अलग-अलग आरोपों में हत्या का दोषी ठहराया जा चुका है।

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया बड़ा एलान प्रदेश में जल्द शुरू होगी तीन वंदे भारत मेट्रो



**झंझारपुर, 17 सितम्बर [एजेंसी]।**

मिथिलांचल और सीमांचल के एक दिवसीय दौरे पर आए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह बिहार के विकास का एकमात्र विकल्प भाजपा की सरकार को बता गए। शाह ने मधुबनी के झंझारपुर स्थित ललित-कर्पूरी स्टेडियम में जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्र और बिहार में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाने की अपील की। साथ ही बड़ी घोषणा भी कर दी। शाह ने कहा कि बिहार से तीन वंदे भारत मेट्रो ट्रेन चलाई जाएगी। यह मेट्रो जमालपुर से मालदा, भागलपुर से हावड़ा और भागलपुर से देवघर के बीच चलेगी।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने मिथिलांचल क्षेत्र के विकास के लिए ढेर सारे काम किए है। दरभंगा एयरपोर्ट नरेन्द्र मोदी ने बनाया, तीन वर्षों में 16 लाख यात्री यात्रा कर चुके हैं। बेंगलुरु, दिल्ली, कोलकाता, हैदराबाद और मुंबई के साथ आज दरभंगा से बिहार के लोग सीधा कनेक्ट पा चुके हैं।40 करोड़ की लागत से इंडियन टर्मिनल बिल्डिंग का कार्य चल रहा है। नवंबर 2023 तक 1000 करोड़ की लागत से नए टर्मिनल का काम शुरू कर देंगे। दरभंगा एम्स पर हमेशा नीतीश बाबू बोलते रहते हैं, बहुत कम प्रदेश जहां पर दो एम्स दिए गए हैं। पटना में एम्स दिया। इसके बाद 2020 के दिसंबर में दरभंगा में दूसरा एम्स स्वीकृत किया।81 एकड़ भूमि नीतीश बाबू ने दी मेडिकल कालेज के लिए दी, लेकिन बाद में इसको वापस ले लिया। मैं आज स्पष्ट रूप से नीतीश पर आरोप लगाने आया हूं। अगर बिहार सरकार ने 81 एकड़ भूमि वापस नहीं ली होती तो आज दरभंगा में एम्स बन गया होता और यहां पर मरीजों का इलाज होता।

अब जो 151 एकड़ भूमि दी है वह पंडाल से भी तीन गुना बड़े गड्ढे वाली भूमि दी है। मैं नीतीश बाबू को कहना चाहता हूं कि उस जमीन को एक बार नीचे छूकर दरभंगा वालों को बताएं कि यहां कैसे एम्स बन सकता है? इनके कारण ही 1250 सौ करोड़ की लागत से बनने वाला एम्स रुक गया है।इसका हिसाब लालू-नीतीश की जोड़ी से मांगिए। शाह ने कहा कि रामायण सर्किट में तीन शहर सीतामढ़ी, बक्सर और दरभंगा को शामिल कर के हमने यहां के पर्यटन को बढ़ावा दिया।

मिथिला के मखाने को जीआई टैग देने का काम नरेन्द्र मोदी ने किया है।पांच लाख से अधिक मखाना के साथ जुड़े हुए किसानों से इसको फायदा होगा 415 करोड़ की लागत से दरभंगा, मधुबनी, सकरी, जयनगर और समस्तीपुर रेलवे स्टेशन का पूर्ण विकास करने का काम नरेन्द्र मोदी सरकार कर रही है। कोसी महासेतु जो अटल जी ने शुरू किया था और लालू यादव और यूपीए सरकार ने इसे ठंडे बस्ते में डाला और उसको पूरा करने का काम नरेन्द्र मोदी सरकार ने किया।1605 करोड़ की सुपौल अररिया 96 किलो मीटर लंबी रेल लाइन बनाई। लालू को पूछने आया हूं, 10 साल तक आप केंद्र में मंत्री थे 2004 से 2014 यूपीए की सरकार थी। कांग्रेस-राजद की सरकार थी, नीतीश बाबू आप भी इसका जवाब दीजिएगा।

## विकास की नई इबारत लिखने को कांग्रेस कार्य समिति तैयारः सोनिया गांधी




**हैदराबाद, 17 सितम्बर [एजेंसी]।**

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा है कि कांग्रेस कार्य समिति तेलंगाना और देश के सभी लोगों के लिए सम्मान सहित विकास का एक नया अध्याय लिखने के लिए तैयार है। हैदराबाद में शनिवार से शुरू हुई सीडब्ल्यूसी बैठक से पहले कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री ने कहा कि हमने राज्य के लोगों से एक वादा किया था। हमने वह वादा पूरा किया है। कांग्रेस हमेशा उनके साथ खड़ी रही है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना को प्रगति और समृद्धि के एक नए युग में ले जाने का समय आ गया है। कांग्रेस कार्य समिति विकास की नई इबारत लिखने के लिए तैयार है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने संदेश में कहा कि कांग्रेस कार्य समिति पार्टी को जीत की ओर ले जाने के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश में लोकतंत्र, सामाजिक न्याय, प्रगति और समानता के लिए लड़ाई लड़ी और उसे लागू किया।

हम राष्ट्रीय अखंडता और विविधता में एकता के लिए लड़ते रहेंगे। पार्टी की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था पांच राज्यों के आगामी विधानसभा चुनावों और 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए चर्चा करेगी और रणनीति तैयार करेगी। बैठक में सोनिया गांधी और राहुल गांधी समेत सीडब्ल्यूसी के सभी 84 सदस्य भाग ले रहे हैं। सीडब्ल्यूसी रविवार को सभी पीसीसी अध्यक्षों और सीएलपी नेताओं के साथ एक विस्तारित सत्र आयोजित करेगी। रविवार शाम को हैदराबाद के बाहरी इलाके तुक्कुगुडा में एक सार्वजनिक रैली आयोजित की जाएगी, जहां पार्टी तेलंगाना विधानसभा चुनावों के लिए अपनी छह गारंटी की घोषणा करेगी।


## प्रदेश में भारी बारिश की चेतावनी, सीएम शिवराज ने पुलिस-प्रशासन के साथ की समीक्षा बैठक

**भोपाल, 17 सितम्बर [एजेंसी]।**

शहर में शुक्रवार को झमाझम वर्षा के बाद शनिवार को भी आसमान में दिनभर बादलों का डेरा बना रहा। साथ ही दिन भर रिमझिम फुहारें पड़ती रहीं। जिसके चलते दिन भर सिर्फ पांच मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। उधर धूप नहीं निकलने और तेज हवाओं के साथ लगातार बौछारें पड़ने के कारण शनिवार को दिन के तापमान में लगभग दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। रात और दिन के तापमान में 2.6 डिग्री का अंतर रहा। इससे वातावरण में खासी ठंडक महसूस हुई।मौसम विज्ञानियों के मुताबिक रविवार को भी बादल बने रहेंगे। साथ ही कहीं-कहीं वर्षा भी हो सकती है। शहर के एयरपोर्ट पर शाम साढ़े चार बजे सबसे कम 800 मीटर दृश्यता दर्ज की गई।

शाम साढ़े बजे हवा की अधिकतम रफ्तार 40 किलोमीटर प्रति घंटा रिकार्ड की गई। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार को शहर का अधिकतम तापमान 25.5 डिग्री से दर्ज किया गया। जो सामान्य से छह डिग्रीसे. कम रहा। यह शुक्रवार के अधिकतम तापमान 27.4 डिग्रीसे. की तुलना में 1.9 डिग्री से कम रहा। शहर का न्यूनतम तापमान 22.9 डिग्रीसे. रिकार्ड हुआ। जो सामान्य से एक डिग्री से अधिक रहा।

## ऑनलाइन ठगों ने किया हजार करोड़ का गबन, अदालत ने की जमानत याचिका खारिज



**कटक, 17 सितम्बर [एजेंसी]।**

आनलाइन वेटिंग ऐप के जरिए लगभग 1000 (लगभग एक हज़ार करोड़) करोड़ से अधिक रुपये की ठगी व गबन किए जाने वाली घटने के मुख्य आरोपी एस.चित्रावेल की जमानत याचिका को कटक के विशेष ओपीआईडी अदालत ने खारिज कर दिया है।

अदालत में मामले की सुनवाई के समय सरकार की ओर से दर्शाया गया था कि, ऑनलाइन ऐप के द्वारा फर्जीवाड़ा करते हुए करीब 1000 करोड़ से अधिक रुपये भारत से चीन को भेजा गया है। चत्रावेल इस घटने का मुख्य आरोपी है और इसके पीछे चीन का एक व्यक्ति मास्टरमाइंड है। अदालत में सरकार की ओर से पेश किए गए तमाम तथ्य और सुबूत को ध्यान में रखते हुए चित्रावेल की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है।

गौरतलब है कि, चित्रावेल को तमिलनाडु के मदुरई आभीयूर इलाके से क्राइम ब्रांच की अर्थनैतिक अपराध शाखा यानी ईओडब्लू ने गिरफ्तार किया था। वेटिंग ऐप और पूंजी निवेशकारी ऐप को चीन में तैयार किया गया था एवं उसे भारत से अपलोड किया गया था। इस ऐप के माध्यम से निवेश करने वाले निवेशकारी ठगी का शिकार हुए थे। इस ठगी के द्वारा लगभग 1000 करोड़ से अधिक रुपये भारत से चीन को ऑनलाइन के जरिए भेजा गया है। इस ठगी में चित्रावेल ने प्रमुख भूमिका निभाई थी। यह आरोप उसके नाम पर लगा है। सरकार की ओर से विशेष पब्लिक प्रॉसिक्यूटर सुब्रत कुमार मोहंती मामला संचालन कर रहे थे।

## क्या काला सागर गलियारे से बाहर निकलेगा यूक्रेनी अनाज, मर्चेंट जहाजों ने गेहूं के लिए बंदरगाहों से किया संपर्क

**कीव, 17 सितम्बर [एजेंसी]।**

काला सागर अनाज समझौता के टूटने के बाद पहली बार दो मर्चेंट जहाजों ने यूक्रेनी बंदरगाहों से अनाज के लिए संपर्क किया है। अफ्रीका और एशिया के लिए करीब 20,000 टन गेहूं के लिए शनिवार सुबह संपर्क किया गया। समाचार एजेंसी एएनआई ने कीव के अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी है। यूक्रेन के बुनियादी ढांचा मंत्री ऑलेक्जेंडर कुब्राकोव ने कहा कि मर्चेंट जहाज चोर्नोमोर्स्क की ओर जाते दिखे, जो ओडेशा शहर के पास तीन प्रमुख बंदरगाहों में से एक है। अगर इन जहाजों के जरिए अनाजों की सप्लाई होती है, तो काला सागर अनाज समझौता टूटने के बाद ऐसा पहली बार होगा।मालूम हो कि काला सागर अनाज समझौता टूट गया है है। रूस अनाज ले जाने वाले मालवाहक जहाजों के लिए सुरक्षित मार्ग की गारंटी देने के लिए बनाए गए समझौते से पीछे हट गया है। समाचार एजेंसी ने जहाजों की गतिविधियों से संबंधित मरीनट्रैफिक वेबसाइट का हवाला देते हुए बताया कि दोनों जहाज स्थानीय समयानुसार दोपहर दो बजे यूक्रेन के दक्षिण-पश्चिमी तट से लगभग 10 मील दूर देखे गए।इधर, भले ही मर्चेंट शिपिंग कंपनियां अस्थायी गलियारों का उपयोग कर कर रही है, लेकिन उन गलियारों पर भी रूसी हमले का खतरा है। यूक्रेन की नौसेना ने चेतावनी दी है कि वैकल्पिक मार्गों पर भी रूसी खतरा मंडरा रहा है।

## चेतावनी के बाद भी खाली नहीं कराया जर्जर मकान मजदूर परिवार की दर्दनाक मौत का जिम्मेदार कौन



**लखनऊ, 17 सितम्बर [एजेंसी]।**

रेलवे की लापरवाही से हंसता-खेलता एक परिवार पल भर में उजड़ गया। आलमबाग क्षेत्र में निष्प्रयोज्य घोषित हो चुकी सौ साल पुरानी रेलवे कालोनी में आवास की छत ढह गई, जिसके नीचे दबकर एक श्रमिक, उसकी पत्नी तथा तीन बच्चों सहित मौत हो गई। पांच लोगों की मौत से कालोनी में मातम छा गया। हादसे के बाद रेलवे विभाग के अफसरों के कारनामे सामने आ रहे हैं। विभाग द्वारा कंडम घोषित कालोनियों पर दबंगों का कब्जा है। कब्जेदार दबंग बाहरी लोगों को इन जर्जर कालोनियों को किराए पर देकर चार से छह हजार रुपये प्रति माह वसूल रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रेलवे अस्पताल के सामने पिंजरे वाली गली के मकानों को भी खाली कराने का आदेश जारी हो गया है। उसके पीछे एक इमारत है जो बहुत ही जर्जर स्थिति में है। रेलवे ट्रिमिंग रोड के नाम से यह कालोनी है। यहां एक दबंग चार से छह हजार रुपये वसूलकर लोगों को किराये पर रखता है। इन कालोनियों में नशे से लेकर कई तरह के अवैध धंधे होते हैं। ऐसा नहीं है कि रेलवे के अधिकारियों को यहां हो रहे अवैध धंधों की खबर नहीं है लेकिन इसके बावजूद रेलवे के अधिकारी इन बिल्डिंग को खाली नहीं करा रहे हैं।

रेलवे अस्पताल के सामने पिंजरे वाली गली निवासी मुकेश बहादुर ने बताया कि इमारत इतनी जर्जर है कि इसमें रहने वाला व्यक्ति खौफ में जिंदगी जी रहा है।रेलवे की स्टेशन रोड कालोनी में दो मंजिला इमारत में पेड़ निकल आए हैं। ईंटें आए दिन गिरती रहती हैं। बिल्डिंग के चारों तरफ बड़ी-बड़ी झाड़ियां उग आई हैं। इसके बाद भी यहां परिवार रह रहा है।आसपास के लोगों ने बताया कि अवैध तरीके से इन लोगों को बसाया गया है। इमारत गिराने का आदेश है, लेकिन अफसरों और दबंगों की मिली-भगत से लोग किराए पर रह रहे हैं। स्टेशन रोड निवासी शकील ने बताया कि कर्मचारी संगठन भी रेलवे की जर्जर इमारतों को किराए पर देकर मोटी रकम ऐंठ रहे हैं। जब कोई बड़ी घटना होती है तो मामला चर्चा में रहता लेकिन कुछ दिन बाद सब शांत हो जाते हैं।

## निपाह के मद्देनजर तीर्थयात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी करे राज्य सरकारः केरल हाई कोर्ट

**कोच्चि।** केरल में निपाह वायरस के संक्रमण के मद्देनजर केरल हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा है कि यदि आवश्यक हो तो वह सबरीमाला तीर्थयात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी करे। सबरीमाला मंदिर 17 से 22 सितंबर, 2023 तक कन्निमासा पूजा के लिए खुलेगा। इस बीच राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीणा जार्ज ने बताया कि शनिवार दोपहर तक राज्य में निपाह का नया मामला सामने नहीं आया। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, प्रशासन ने स्थिति का मूल्यांकन करने के लिए 19 टीमों और एक कोर टीम का गठन किया है। राज्य में अब तक छह लोग निपाह से संक्रमित पाए गए हैं। उनमें से दो लोगों की संक्रमण से मौत हुई है। संक्रमितों में से एक नौ वर्षीय लड़का वेंटिलेटर पर है। उसकी हालत स्थिर हैनिपाह के मद्देनजर कोझिकोड में सभी शैक्षणिक संस्थान अगले आदेश तक आनलाइन कक्षाएं संचालित करेंगे। राज्य में निपाह पहले संक्रमित की पहचान करने के बाद सरकार ने मोबाइल टावरों का विवरण मांगकर उस स्थान की तलाश शुरू कर दी जहां से वह संक्रमित हुआ था। निपाह के पहले संक्रमित की 30 अगस्त को मृत्यु हो गई थी। बाद में पता चला कि वह निपाह से संक्रमित था।

# ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने वाले उपकरणों का उपयोग कम करें: बंजारा

## एबीवीटीपीएस में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस

**जांजगीर।** ओजोन परत के संरक्षण के लिए जागरूक बनकर उन उपकरणों का उपयोग कम करना होगा जिससे क्लोरोफ्लोरो कार्बन उत्सर्जित होते है। उन तत्वों से भी सतर्क रहना होगा, जो ओजोन परत के लिए खतरनाक साबित होते हैं। यह विचार अंतरराष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस पर कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा ने व्यक्त किए। अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र (एबीवीटीपीएस) मड़वा में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ओजोन परत संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ आरके तिवारी एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसडी द्विवेदी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में सहायक प्रबंधक पर्यावरण संजय झा द्वारा पावर पाइंट प्रजेंटेशन के जरिए समताप मंडल से विघटित होती ओजोन परत की समस्या एवं पर्यावरण व मानव जीवन पर उसके दुष्प्रभाव को क्रमवार समझाया गया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 2023 की थीम 'मांट्रियल प्रोटोकॉल-ओजोन परत में सुधार एवं जलवायु परिवर्तन में कमी' है। अंतरराष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस पर, चलचित्र का प्रदर्शन, प्रश्नमंच, नारा एवं निबंध



प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विजयी प्रतिभागियों हेमंत खरे, ओमप्रकाश मिश्रा, नागभूषण सिंह ठाकुर,संजीव कुमार सारथी, जितेंद्र जायसवाल और कैलाश कुमार ध्रुव को कार्यपालक निदेशक के हाथों पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजाबाबू कोसरे के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का संचालन अधीक्षण अभियंता टीके नेताम और आभार प्रदर्शन अधीक्षण अभियंता एन. साहा द्वारा किया गया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता धमेंद्र बंजारे, एनके घृतलहरे, सुशील तारेंद्र, जेके गायकवाड़, प्रकाशन अधिकारी बसंत शाहजीत समेत अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# जिला जेल समिति ने किया खोखरा एवं उप जेल सक्ती का निरीक्षण

**जांजगीर-चांपा।** सर्वोच्च न्यायालय के मार्ग दर्शन के अनुक्रम में जेलों में निरुद्ध बच्चों के सत्यापन के लिए जिला जेल समिति द्वारा जिला जेल खोखरा एवं उप जेल सक्ती का निरीक्षण किया गया। सभी बैरकों में समस्त बंदियों से उम्र संबंधी जानकारी लिये गये, जहां 02 बच्चों की उम्र विधि के उल्लंघन करने वाले किशोर के रूप में संदेहास्पद पाये गये जिनका उम्र सत्यापन कराया जाना है। कुछ बंदियों द्वारा अवगत कराया गया कि उनके निवास स्थान में बच्चों का पालन-पोषण एवं



देखरेख करने हेतु कोई जिम्मेदार व्यक्ति नहीं है। वह स्वयं व उसकी पत्नी जेल में निरूद्ध है। ऐसे बंदियों के बच्चों की सूची तैयार की गई, जिसे बाल कल्याण समिति के माध्यम से संस्थागत संरक्षण प्रदान किया जावेगा।

जेल के कर्मचारियों को निरीक्षण समिति द्वारा अवगत कराया गया कि जेलों में प्रवेश देते समय यदि बंदी 18 वर्ष से कम के प्रतीत होने की स्थिति में या उम्र के प्रति संदेहास्पद होने के स्थिति में समिति के सदस्यों को तत्काल सूचना दी जाये ताकि समिति द्वारा उम्र सत्यापन के पश्चात किशोरों को संप्रेषण गृह में संरक्षण की प्रारंभिक कार्यवाही की जा सके। निरीक्षण के दौरान जिला जेल निरीक्षण समिति के सदस्य जिला बाल संरक्षण इकाई जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) से गजेन्द्र सिंह जायसवाल, जिला बाल संरक्षण अधिकारी सुश्री पूजा तिवारी, संरक्षण अधिकारी (गैर संस्थागत देखरेख) श्रीमती संतोषी वैष्णव सामाजिक कार्यकर्ता, हर्षवर्धन सिंह सामाजिक कार्यकर्ता जेल अधीक्षक एवं जेलों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लाईवलीहुड कालेज में रोजगार मेला सह कैरियर मार्गदर्शन का हुआ आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर चांपा द्वारा जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ''रोजगार मेला सह कैरियर मार्गदर्शन'' का आयोजन आज लाईवलीहुड कालेज जांजगीर में किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में युवा रोजगार मेला सह कैरियर मार्गदर्शन कैम्प में शामिल हुए। रोजगार मेला में निजी क्षेत्र के 16 नियोजक द्वारा 2058 रिक्त पदो पर भर्ती की कार्यवाही की गई। जिसमें से 312 आवेदकों का तत्काल नियुक्ति किया गया। साथ ही अन्य 3214 आवेदकों का प्रारंभिक चयन भी किया गया है।

रोजगार मेला सह कैरियर मार्गदर्शन में आज ग्राम गोविन्दा के बेरोजगार युवा जगदीश प्रसाद पटेल का फीटर ट्रेड अंतर्गत वेदांता स्कीम ट्रेनिंग सेंटर बालकों में फीटर पद पर प्रारंभिक चयन, ग्राम देवरी निवासी श्री शिवकुमार धीवर का सेक्यूरिटी गार्ड में प्रारंभिक चयन हुआ है। इसी प्रकार रोजगार मेले में पहुंचे अन्य कई विभिन्न युवाओं का विभिन्न निजी संस्थानों में प्रारंभिक चयन हुआ है। रोजगार मेला में प्रारंभिक चयन होने पर युवाओं के चेहरे खिले तथा सभी युवाओं ने जिला प्रशासन के प्रति आभार जताते हुए धन्यवाद दिया।

## फर्जी रूप से नौकरी करने वाले पर 420 का केस

**बिश्रामपुर।** दूसरे की जमीन के नाम पर एसईसीएल में नौकरी करने के मामले में पिछले दिनों प्रबंधन द्वारा सेवा से बर्खास्त किए गए रीजनल स्टोर के चीफ स्टोर कीपर जुगलकिशोर सिंह के खिलाफ बिश्रामपुर पुलिस ने 420 का केस दर्ज कर लिया है। रिपोर्ट एसईसीएल प्रबंधन की ओर से दर्ज कराई गई है।

## ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बनारी, जाँजगीर में हिन्दी दिवस के उपलक्षय में कार्यक्रम आयोजित

**जाँजगीर।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जाँजगीर में संस्था के डायरेक्टर आलोक अग्रवाल एवं प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह के निर्देशन में दिनांक -14 सितम्बर से 16 सितम्बर 2023 तक हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करायी गई। जिसके अंतर्गत संस्था के विद्यार्थियों के लिये कक्षावार गतिविधि निर्धारित की गई। जिसमें कक्षा- तीसरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए मेरा आर्दश रोल मॉडल वीरता पुरस्कार विजेता विषय पर कविता लिखने को कहा गया। कक्षा- छठवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिये स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी विद्रोह की भूमिका विषय पर चित्र कला प्रतियोगिता रखा गया। कक्षा नवमीं एवं दसवीं के विद्यार्थियों के लिये 1857 के विद्रोह को भारतीय स्वतंत्रता के पहले युद्ध के रूप में चिन्हित करने विषय पर मल्टीमीडिया प्रस्तुत करने को कहा गया। कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के विद्यार्थियों के लिये रानी लक्ष्मीबाई मेरे सपने में आई वह चाहती थी कि मै देश की सेवा करू विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता रखी गई। जिसमें स्कूल के समस्त विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। तत्पश्चात् निकेतन अनुसार विद्यार्थियों द्वारा सूचना पटल सजावट किया गया। शिक्षकों के मध्य हिन्दी के महत्व पर परिचर्चा व संगोष्ठि का आयोजन किया



गया एवं हिन्दी भाषा एक संस्कारी भाषा के रूप में अपनाने हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया तथा इस विषय में अपने विचार प्रस्तुत किये।

हिन्दी पखवाड़ा उत्सव में अभियंता दिवस, ओजोन दिवस एवं विश्वकर्मा जी के महत्व के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा विद्यार्थियों को हमारे समाज में अभियंता के महत्व व कार्य के बारें में बताया गया। साथ ही ओजोन दिवस के बारे में बताते हुए पर्यावरण सुरक्षा को बनाये रखने के प्रति जागरूक किया गया। शनिवार 16 सितम्बर को प्रार्थना के दौरान अनंतनाग में हुए शहीद हुमायू भट्ट (डी.एस.पी), कर्नल मनप्रीत सिंह व मेजर आशीष डी के लिए श्रद्धांजली एवं शोक सभा आयोजित की गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के समस्त शिक्षक शिक्षकाओ एवं ग्राउंड स्टाफ का विशेष योगदान रहा है।

## पुलिस द्वारा कोटवारों हेतु आगामी विधान सभा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था संबंधी कार्यशाला का किया गया आयोजन

**चांपा-जांजगीर।** पुलिस द्वारा आगामी विधान सभा निर्वाचन 2023 को सुरक्षा ब्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए जिला पंचायत जांजगीर के पास नव निर्मित आडिटोरियम हॉल में चुनाव संबंधी प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें जिले के उपस्थित कोटवारों को चुनाव कार्य के संबंध में पुलिस विभाग के द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

चुनाव ड्यूटी के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों , चुनाव प्रक्रिया, आदर्श आचार संहिता आदि के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण। आगामी विधान सभा निर्वाचन 2023 को शांति पूर्ण, सुरक्षित करायें जाने के संबंध में दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश।

कार्यशाला के दौरान लगभग 470कोटवार उपस्थित रहें जिन्हे अपने-अपने गांव क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री करने वालें की जानकारी थाना /चौकी प्रभारी पुलिस को देने हेतु निर्देशित किया गया।

उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक जिला जाँजगीर चाँपा विजय अग्रवाल ने कोटवारो को संबोधित करते हुए, उनके कर्तव्यों व महत्व से अवगत कराया।

श्रीमती अर्चना झा अति पुलिस अधीक्षक जांजगीर, ने चुनाव के दौरान किए जाने वाले कार्यों व सावधानियों को पीपीटी के माध्यम से समझाया,सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य अपर कलेक्टर जांजगीर ने आदर्श आचार संहिता व चुनावी प्रक्रिया से अवगत कराया। प्रशिक्षण उपरांत सभी को चुनाव के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों संबंधी पोम्पलेट्स भी वितरित किए गए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर संदीप ठाकुर, नायब तहसीलदार प्रशांत पटेल, प्रदीप कुमार जोशी रक्षित निरीक्षक जांजगीर, प्रवीण कुमार द्विवेदी निरीक्षक चुनाव सेल प्रभारी जांजगीर एवं चुनाव सेल स्टाफ भी उपस्थित रहे।

## एसडीएम आंगनबाड़ी केन्द्र का किया निरीक्षण

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी (रा0) पामगढ़ आर के तम्बोली द्वारा तहसील पामगढ़ अन्तर्गत ग्राम खरखोद में चल रहे गिरदावरी का निरीक्षण किया गया। गिरदावरी निरीक्षण में राजस्व अभिलेख में दर्ज खसरा व रकबा के अनुसार मौके पर लगे फसल का वास्तविक गिरदावरी करने एवं राजस्व रिकार्ड में सही इन्द्राज करने हेतु हल्का पटवारी, ग्राम कोटवार निर्देशित किया गया एवं आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 02 व 03 का निरीक्षण किया गया। आंगनबाड़ी में उपस्थित कार्यकर्ता एवं सहायिका को नियमित उपस्थिति एवं मीनू के अनुसार बच्चों को गर्म एवं ताजा पोषण देने निर्देशित किया गया।

# निराला साहित्य मंडल चांपा ने मनाया हिंदी दिवस

**जांजगीर-चांपा।** किसी भी देश की संस्कृति को एक सूत्र में पिरोने के लिए एक राष्ट्रभाषा का होना अनिवार्य है। इस अवधारणा को लेकर साहित्य, समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान निराला साहित्य मंडल चांपा के तत्वावधान में 14 सितंबर को हिंदी दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन मंडल के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल के संयोजकत्व में कैलाश अग्रवाल सभागार में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य संरक्षक पं हरिहर प्रसाद तिवारी,अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पं रामगोपाल गौराहा, पं रामकिशोर शुक्ला एवं उपस्थितों ने विद्या की देवी मां सरस्वती एवं महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उसके पश्चात प्रधान सचिव रविन्द्र द्विवेदी ने समस्त मंचस्थ विभूतियों एवं उपस्थितों को समवेत स्वरों में सरस्वती वंदना-या कुन्देदु तुषार हार धवलाऽ.का पाठ कराया। इसके पश्चात मंचस्थ विभूतियों एवं वक्ताओं ने हिन्दी दिवस पर अपना विचार प्रस्तुत किया। हिंदी दिवस के अवसर पर निराला साहित्य मंडल मुख्य संरक्षक एवं प्रवक्ता पंडित हरिहर प्रसाद तिवारी ने कहा कि हिंदी ही सर्वतोभावेन सक्षम भाषा है। भारत यदि शरीर है तो हिंदी उसका हृदय है। हिंदी की तुलना में प्रांतीय



भाषाएं तो ठहर नहीं सकती क्योंकि न तो वे इसके समान व्यापक है ना उनका साहित्य ही समृद्ध है। देश की सभी भाषाओं में हिन्दी श्रेष्ठ एवं समृद्ध भाषा हैं। मंडल के उपाध्यक्ष रामगोपाल गौराहा ने हिंदी दिवस पर एक स्वरचित काव्य पाठ करते हुए हिंदी की महत्ता पर प्रकाश डाला। जिसे सभी ने खूब सराहा। मंडल के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा कि हिंदी हमारे देश के सम्मान, स्वाभिमान एवं संस्कृति से जुड़ी हुई है। हिंदी भाषा के द्वारा ही सारे भारत को एक सूत्र में पिरोया जा सकता है।हमारा हिंदी साहित्य अत्यंत समृद्ध हैं। पं. रामकिशोर शुक्ला ने हिंदी दिवस पर अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी भाषा भारतवासियों के गौरव का प्रतीक है।जिस प्रकार एक सौभाग्यवती नारी के माथे के मध्य बिंदी का महत्व है, वैसे ही संपूर्ण देशवासियों के मध्य हिंदी का गौरवपूर्ण स्थान है। हिन्दी सभी भाषाओं की जननी के स्वरूप हैं।हमें अपनी भाषा का आदर करना चाहिए और अपने कार्यों में अंग्रेजी के बजाए हिंदी का अनिवार्य रूप से प्रयोग करना चाहिए। मंडल के मीडिया व प्रचार-प्रसार प्रमुख शशिभूषण सोनी ने अपने वक्तव्य में कहा कि हमारी भाषा के तार हमारे दिल से जुड़े हैं।भाषा,मन के भाव के रूप में है तो विचारों के रूप में भी और अभिव्यक्ति के रूप में भी। हिंदी भारतीय संस्कृति की धरोहर हैं। हिंदी को राजभाषा का गौरव प्राप्त है लेकिन अभी भी इसे राष्ट्रभाषा के रूप में स्थापित करने के लिए हमें और भी अधिक प्रयास करने होंगे। कार्यक्रम का संचालन कर रहे मंडल के प्रधान सचिव रविंद्र द्विवेदी ने अपने काव्यात्मक अंदाज में कहा कि हिंदी गौरव हिंद का, हिंदी है पहचान। हिंदी जोड़े हिंद को, हिंदी अपनी शान। हिंदी एक सतत विकासशील भाषा है। जिससे अंग्रेजी तक परेशान हैं। हिंदी को किसी से उलझने की आवश्यकता नहीं है। कार्यक्रम में मंडल के वरिष्ठ साहित्यकार सदस्य नरेश धर दीवान ने सभी उपस्थितों के प्रति आभार प्रदर्शित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से द्वारिका प्रसाद तिवारी, राज अग्रवाल, शैलेन्द्र अग्रवाल, सुनील दास लेखराज सहित कैलाश सा मिल के समस्त स्टाफ के लोग मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में मंचस्थ विभूतियों एवं सभी उपस्थितों ने 14 अगस्त 1997 को चांपा में हुए भीषण रेल दुर्घटना में दिवंगत आत्माओं को मौन रखकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

## जुआ खेलने वाले 03 आरोपियों को अकलतरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अकलतरा।** थाना अकलतरा पुलिस को मुखबिर सूचना मिला की लेबर कॉलोनी अकलतरा में कुछ लोग रुपए पैसा का दाव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे है की सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया मौके पर आरोपी 01.राजेंद्र साहू उम्र 41 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 11 अकलतरा 02.रमेश बरेठ उम्र 50 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 17 अकलतरा 03. विनोद देवांगन उम्र 45 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 9 अकलतरा उपस्थित मिला जिसके कब्जे से जुमला 11,900/? एवम 03 नग मोबाइल, तास पत्ती जप्त किया गया है। तथा आरोपियों के विरूद्ध धारा 3 छ.ग. सार्वजनिक जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही किया जाकर विधिवत गिरफ्तार कर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया है।

उपरोक्त कार्यवाही में,स्ढ्ढ अरुण सिंह, महिला प्रधान आर अनिता पाटले, आर प्रदीप दुबे, अजय भानु का एवम सायबर टीम जांजगीर का सराहनीय योगदान रहा।

## एसआई राजेन्द्र साहू पदोन्नत होकर बने टीआई

**सूरजपुर।** बीते दिन पुलिस मुख्यालय रायपुर के द्वारा एसआई से निरीक्षक के पद पर पदोन्नति का आदेश जारी किया है जिसमें सूरजपुर जिले के एसआई राजेन्द्र साहू का नाम शामील है। शनिवार, 16 सितम्बर को पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आई कल्याण एलिसेला ने पदोन्नत हुए एसआई राजेन्द्र साहू के कंधों पर स्टार लगाकर टीआई पद पर पदोन्नति दी। पुलिस अधीक्षक ने पदोन्नत हुए टीआई को पूरी मेहनत व लगन से अनुशासन में रहकर कार्य करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि पदोन्नति के साथ-साथ विभागीय दायित्व भी बढ़ता है, इसलिए अपने कार्यों को नए जोश के साथ बखूबी निभाना चाहिए। इस दौरान रक्षित निरीक्षक रामप्रसाद पैंकरा, स्टेनो अखिलेश सिंह मौजूद रहे।



## विद्यार्थियों ने पोस्टर के माध्यम से बताया ओजोन परत का लाभ

**बिश्रामपुर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय केतका में शनिवार को विश्व ओजोन दिवस पर इसके संरक्षण को लेकर परिचर्चा का आयोजन किया गया। साथ ही बच्चों के लिए विविध प्रतियोगिता भी आयोजित किया गया।

इको क्लब द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य जेआर सांडिल्य ने ओजोन परत की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि ओजोन परत सूर्य से निकलने वाली पराबैंगनी किरणों को धरती पर पड़ने से रोकती है। उन्होंने कहा कि पराबैंगनी किरणों से धरती पर रहने वाले प्राणियों, पेड़-पौधों पर हानिकारक प्रभाव पड़ सकता है। इस किरण से त्वचा का कैंसर और मोतियाबिंद सहित कई गंभीर



बीमारियां हो सकती है। इन विकिरणों के कारण पृथ्वी का तापमान बढ़ने से जनजीवन तबाह हो सकता है। साथ ही उन्होने कहा कि ओजोन परत पृथ्वी का कवच माना जाता है। ओजोन परत से ही पृथ्वी पर जीवन संभव है। भौतिकी, जीव विज्ञान व रसायन शास्त्र के व्याख्याता आशीष और दिनेश सिंह, अरुण विश्वकर्मा ने भी इस दौरान अपने विचार मंच के माध्यम से रखा और ओजोन परत के बचाव के लिए मनुष्य द्वारा क्या कुछ किया जा सकता है। इस दौरान विद्यालय में बच्चों के लिए चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसके प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

## धरा को हर-भरा बनाने के लिए लगाए गए पौधे

**बिश्रामपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। इसके तहत विद्यालय परिसर में अमृत वाटिका के लिए आम, जामुन, अमरूद, नीम, मैंगो पाइंट, अशोक, मौलश्री आदि 75 पौधों का पौधरोपण किया। इसमें विद्यालय के सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

विद्यालय प्राचार्य एचके पाठक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण व संतुलन बनाए रखने पौधरोपण जरूरी है। ये हमें शुद्ध प्राण वायु, फल-फूल व कीमती औषधियां प्रदान करते हैं और पशु-पक्षियों के लिए आश्रयदाता हैं। उन्होंने स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छ वातावरण बनाए रखने पर जोर देते हुए धरा को हरा-भरा बनाए रखने का संदेश दिया। इस मौके पर एएम चौबे, कार्यक्रम अधिकारी रासेयो एलआर साहू, पीके वैद्य, सी पंडा, डीके तिवारी, एमके सारंगी, नासिर खान, अर्पणा मिश्रा, शोभा नामदेव, प्रगति दीक्षित के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। पौधरोपण करते हुए विद्यालय के प्राचार्य व अन्य। उपस्थित थे।

# जल जीवन मिशन को लगा ग्रहण

## ठेकेदार और पेटी कॉन्टैक्टर कर रहे हैं भ्रष्टाचार

**कोरिया बैकुंठपुर।** प्रदेश की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन को विभाग के अधिकारी पलीता लगाने पर तुले हुए हैं।

जिले के ग्राम पंचायत सलका में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। लोगों को उनके घर तक जल पहुंचने के लिए पीएचई विभाग को इस योजना का नोडल बनाया गया है। यहां ठेकेदार द्वारा पाइपलाइन बिछाने के लिए जेसीबी से करीब डेढ़ से दो फीट गहरा गड्ढा ही खोदा जा रहा है। जेसीबी से खोदे जा रहे गड्ढे की ड्रेसिंग भी नहीं की जा रही। जिससे कई जगहों पर खोदे जा रहे गड्ढे कहीं ऊंचे तो कहीं गहरे बने हुए हैं। इन गड्ढों में जैसे तैसे एचडीपीई पाइप को रखकर मिट्टी डाली जा रही है। जिससे पाइप कहीं मुड़े हुए तो कहीं धनुष के आकार जैसे बन गए हैं। तकनीकी जानकारों की माने तो बगैर ड्रेसिंग किए गए गड्ढे में पाइपलाइन बिछाने के कई दुष्प्रभाव भविष्य में देखने को मिलेंगे इनमें लीकेज आदि की समस्याएं मुख्य होगी। जानकारी के अनुसार उक्त क्षेत्र में कार्य करने के लिए ठेकेदार ने पेटी ठेकेदार को ठेका दे दिया है। ऐसे में पेटी कांट्रेक्टर, मुख्य कांट्रेक्टर व अपनी मार्जिन निकालने के बाद बचत रकम से गुणवत्ताहीन कार्य करने में लगे हुए हैं। लोगों की माने तो एस्टीमेट के अनुरूप कार्य न करके ठेकेदार और अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे हैं। इसके साथ ही गांव की सड़क किनारे खोदे जा रहे गड्ढे की मिट्टी सड़क पर ही डाल दी गई है। ऐसे में बारिश होने के बाद सड़क पर कीचड़ बन गया है जिससे दुपहिया वाहन चालक और पैदल चलने वाले गिरकर घायल हो रहे हैं। वहीं घरों और दुकानों के सामने पाइपलाइन बिछाने के लिए गड्ढा खोदने के बाद कई जगहों पर उसे पाटा भी नहीं जा रहा जिससे ग्रामीण खुद ही गड्ढे को काटने के लिए मजबूर है। विभाग को कार्य में पारदर्शिता लाने निर्माण स्थल पर सूचना फलक लगाना है। ग्राम पंचायत सलका में जल जीवन मिशन का काम जारी है। लेकिन कहीं भी सूचना फलक नहीं है। बताया गया है कि गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्यो की पोल न खुल जाए। ग्रामीण तथ्यों को न जान जाए, इसलिए सूचना फलक नहीं लगाया जा रहा है। सब स्टैंडर्ड वर्क या निर्धारित मानदंडों से कम गुणवत्ता के कार्य को बेखौफ अंजाम दिया जा रहा है।

**पेटी ठेकेदार के भरोसे काम**

जल जीवन मिशन के अंतर्गत विभाग ने मुख्य ठेकेदार को समय सीमा के भीतर काम पूरा करने का ठेका दिया है। जबकि कई जगहों पर ठेकेदार ने पेटी ठेकेदार को कार्य सौंप दिया है। ऐसे में पेटी कांट्रेक्टर, मुख्य कांट्रेक्टर व अपनी मार्जिन निकालने के बाद बचत रकम से गुणवत्ताहीन कार्य करने में लगे हुए हैं। पेटी ठेकेदार कई जगहों पर पैसे बचाने के लिए गड्ढों की बगैर ड्रेसिंग किये ही पाइपलाइन बिछा रहे हैं। जिससे भविष्य में लीकेज आदि की समस्याएं आने की संभावना बनी हुई है।


## भैंसा चोरी करने व खरीदने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सूरजपुर।** 15.09.23 को ग्राम गेतरा निवासी समयलाल सिंह ने थाना सूरजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपने 2 रास भैंसा को घर के सामने बांधकर रखा था जिसे 13-14 सितम्बर के दरम्यानी रात्रि में कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 379, 411 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

थाना सूरजपुर की पुलिस ने अज्ञात आरोपी की पतासाजी में लगी थी इसी बीच मुखबीर की सूचना पर संदेही विजय टोप्पो निवासी कुरूवां को दबिश देकर पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने बताया कि अपने साथी मंसूर आलम के साथ उसके अशोक लिलेण्ड वाहन से ग्राम गेतरा से 2 रास भैंसा चोरी कर ग्राम सेमरा निवासी तौसिफ खान को 30 हजार रूपये में बिक्री किए है, जिसके बाद पुलिस ने दबिश देकर इन दोनों को भी पकड़ा। आरोपियों के निशानदेही पर 2 रास भैंसा, भैंसा बिक्री की रकम 30 हजार रूपये व परिवहन में प्रयुक्त वाहन जप्त कर



आरोपी विजय टोप्पो पिता शोधन उम्र 28 वर्ष ग्राम कुरूवां, थाना विश्रामपुर, मंसूर आलम पिता अमीनुद्दीन अंसारी उम्र 32 वर्ष निवासी शिवनंदनपुर, थाना विश्रामपुर, तौसिफ खान पिता मुख्तार खान उम्र 22 वर्ष ग्राम सेमरा, चौकी नागपुर, थाना पोड़ी जिला एमसीबी को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही सीएसपी एस.एस.पैंकरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सूरजपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, प्रधान आरक्षक राहुल गुप्ता, संजय सिंह राजपूत, आरक्षक प्रदीप साहू, तेजीलाल साहू, रवि पाण्डेय व लक्ष्मी नारायण मिर्रे सक्रिय रहे।


खुशहाल किसान
बढ़ रहा आत्मसम्मान
न्याय योजनाओं के माध्यम से किसानों, पशुपालकों,
वनोपज संग्राहकों और खेतिहर मजदूरों को आर्थिक संबल
1,60,000
करोड़ रुपए की मदद
S-38480/1
श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
छत्तीसगढ़ सरकार
भरोसे की सरकार
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

# दीपका खदान में शिफ्ट इंचार्ज की तानाशाही, ऑपरेटर्स और स्टाफ हड़ताल पर

## दीपिका कोयला खदान में कामकाज ठप्प

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की दीपिका कोल माइंस में डंपर शावेल ऑपरेटर, केबलमेन सहित स्टाफ ने आज हड़ताल कर दी। यह सभी रिले ए शिफ्ट इंचार्ज एनके साहू की मनमानी से त्रस्त हैं। हड़ताल पर जाने वाले ऑपरेटर ने कहां कि इंचार्ज की हरकतों से वे मानसिक रूप से प्रताड़ित हो चुके हैं और उनकी उपस्थिति में यहां काम करने में असहज महसूस कर रहे हैं। एकाएक खदान में हड़ताल होने से कामकाज ठप हो गया है और प्रबंधन की चिंता बड़ गई है।



साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की दीपिका खदान में विश्वकर्मा पूजा के दिन इस तरह का वातावरण निर्मित होने से खासतौर पर प्रबंधन की चुनौतियों में इजाफा हो गया है।

हड़तालियों ने क्षेत्रीय महाप्रबंधक दीपका को इस बारे में पत्र देने के साथ रिले ए शिफ्ट के इंचार्ज एनके साहू को हटाने की मांग करते हुए कहा है कि वे सभी ऑपरेटर्स को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे है, जिससे परेशानी बढ़ी हुई है। इसके चक्कर में विश्वजीत नामक ऑपरेटर से डम्पर पलट गया और घनश्याम कश्यप बूरी तरह से घायल हो गया। कहा गया कि हर दिन डम्पर आपरेटर को प्रताड़ित करने का काम जारी है। इसके अंतर्गत उपस्थिति काट देने , ओटी से वंचित करने, 240 टन डम्पर से उतार देने और डम्पर हार्ड स्टेण्ड में खड़ा कर घर चले जाने जैसी धमकी साहू के द्वारा दी जाती है। डोजर और ग्रेडर की मांग करने पर धमकाया जाता है कि तुम लोग डम्पर खड़ा कर घर चले जाओ क्योंकि परेशानी केवल तुम्हारी है। हड़तालियों ने कहा कि हॉल रोड में 240 टन एवं 100 टन डम्पर्स चलाकर 100 टन ब्रेकडाउन होने पर प्रताड़ित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत कर्मियों को नोटिस दिये जा रहे है। जबकि शावेल ऑपरेटर्स के द्वारा पिट बनाने के लिए डोजर की मांग करने पर कहा जाता है कि शावेल के बकेट से पिट बना लो डोजर नहीं मिलेगा। पिट का कंडिशन खराब रहने पर भी 240 टन के ऑपरेटर्स से जबरदस्ती डम्पर लगवाया जाता है जिससे बोल्डर पर टायर चढ़ाकर डम्पर टेपर एकतरफा तिरछा होने से झटका लगने के साथ समस्याएं पेश आती है।

सीजीएम को बताया गया है कि विवाद की मुख्य वजह नारायण लाल है जो वरिष्ठ डम्पर ऑपरेटर होने के बाद भी हाजरी काटने की धमकी दी गई। शिफ्ट इंचार्ज के बातचीत करने का अंदाज तानाशाह जैसा है। इससे आपरेटर्स त्रस्त है। यह भी कहा गया है कि डम्पर के रनिंग पोजिशन में आपरेटर्स को फोन के माध्यम से प्रताड़ित करना जारी है। कहा गया है कि कोयला उत्पादन के समय एक-एक आपरेटर्स से ट्रीप के हिसाब से रूपये की वसूली की जाती है। इसके लिए कई प्रकार की व्यवस्थाएं इंचार्ज के द्वारा बनाई गई है। हड़ताल पर जाने वालों में फैयाज अंसारी, किशन लाल, मुन्ना लाल, विरेंद्र राठौर, जितेंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, विवेक कुमार, अनुराग, सुरेंद्र कुमार, कृष्णा, कविलाल, पीपी सिंह, सुदर्शन सिंह, हीरालाल, रामशरण, शिवाप्रकाश, रामनारायण, खेल कुमार, अंजू कुमार, रूपेंद्र खैरवार, बद्रीनाथ, ड्रील ऑपरेटर गंगाराम, लक्ष्मी प्रसाद, शावेल ऑपरेटर गोपाल प्रसाद, विनय कुमार, धरम दास, जीत सिंह, सुनील कुमार, मोहन कुमार, संजीव कुमार, महासिंह, धनेश कुमार, फूलसिंह, किरण आदि शामिल है।

# उत्पादन की चिंता, गेवरा कोल माइंस के बाहर हुई विश्वकर्मा पूजा

-स्थानीय संवाददाता-

**कोरबा/गेवरा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड गेवरा क्षेत्र में ऐसा पहली बार हुआ जब निर्माण के देवता विश्वकर्मा के प्राकट्य दिवस पर कोल माइंस के अंदरूनी हिस्से के बजाय गेवरा स्टेडियम में सार्वजनिक कार्यक्रम करते हुए पूजा की गई। जबकि दीपका क्षेत्र की खदान में पूजा पाठ जैसा कार्यक्रम पहले की तरह हुआ।

कोयलांचल से जुड़े कर्मचारी बताते हैं कि कई दशक से खदान के भीतर ही विश्वकर्मा पूजा करने की पंरपरा बनी हुई थी और इसे आज के दिन किया जाता रहा। ऐसा पहली बार प्रबंधन की ओर से किया गया जब 52 मिलियन टन वार्षिक कोयला खनन वाली गेवरा खदान के भीतर पूजा करने से परहेज किया गया और कई किलोमीटर दूर गेवरा स्टेडियम में इसकी औपचारिकता निभाई गई। अधिकारियों के साथ ट्रेड यूनियन के कुछ पदाधिकारी और कर्मी यहां उपस्थित हुए जिन्होंने प्रतिमा की पूजा की। जानकारों ने बताया कि प्रबंधन के द्वारा खदान के भीतर विश्वकर्मा पूजा नहीं करने से संबंधित निर्णय के पीछे यह तर्क दिया गया कि अगर ऐसा होता है तो कई घंटों के लिए कामकाज रोकना होगा। ऐसे में न केवल मशीनरी ठप रहेगी बल्कि कोयला खनन जैसी गतिविधियां भी नहीं हो सकेंगी। एसईसीएल के साथ-साथ ब्रम्हांड की सबसे बड़ी खदान गेवरा को मान लिया गया है।

इस स्थिति में कुछ घंटों के लिए कोयला उत्पादन नहीं करने का मतलब करोड़ों का नुकसान करना होगा। ऐसी स्थिति में कुल मिलाकर कंपनी को अआर्थिक चपत लग सकती है। इसे देखते हुए इस बार से यह परिवर्तन किया गया। हैरानी जताई गई है कि नए तरह का नियम लागू करने को लेकर जेसीसी को भरोसे में नहीं लिया गया और न ही इस संबंध में चर्चा की गई। इसके ठीक उल्टे एसईसीएल की एक और मेगा प्रोजेक्ट दीपका में खदान के भीतर विश्वकर्मा प्राकट्य दिवस पर पूजा अर्चना संपन्न हुई।

## एनएच पर हादसे का दौर जारी

**कोरबा।** एनएच 130-बी पर लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही है और लोगों को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ रही है। इससे पहले दावा किया गया था कि एनएच पर ब्लेक स्पाट्स को हटाने का काम कर लिया गया है। इसके बाद भी हादसे समझ से परे है।

## मोव्ही एक्ट में पांच वाहनों पर हुई कार्रवाई

**कोरबा।** सिविल लाइन थाना रामपुर पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए वाहन चलाने वाले पांच दुपहिया वाहनों के चालकों पर मोव्ही एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना रामपुर टीआई नितीन उपाध्याय के निर्देशन में थाने में पदस्थ एएसआई मसतराम कश्यप ने अपने हमराह स्टाफ के साथ गत रात्रि यातायात के नियमों का उल्लंघन करने पर रामपुर क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर 5 दुपहिया वाहनों के चालकों के विरूद्ध मोव्ही एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए उनसे 1500 रुपए बतौर समंस शुल्क जुर्माना वसूल किया। जिसे शासकीय कोष में जमा किया जा रहा है।

## इंजीनियर से अभद्रता 9 पर केस दर्ज

**कोरबा।** उरगा पुलिस ने उमरेली गांव के 9 लोगों पर आईपीसी की गैर जमानती धाराओं में केस दर्ज किया है । उन पर बिजली वितरण कंपनी के जुनियर इंजीनियर संदीप मानिकपुरी से गाली गलोच, मारपीट और धमकी देने का आरोप है।

खबर में बताया गया कि दो दिन पहले इंजीनियर और एक अन्य कर्मचारी बिजली से जुड़ी समस्या पर संज्ञान लेने पहुंचे हुए थे। इस दौरान कुछ लोगों ने तीन दिन से बिजली की परेशानी की बात करते हुए अभद्रता की। बाद में डायल 112 की टीम यहां पहुंची और बिजली कर्मियों को बचाया। इस मामले में इंजीनियर मानिकपुरी की रिपोर्ट पर संजूलाल देवांगन, कमलेश देवांगन, प्रदीप केंवट, विष्णु केंवट, लालू यादव, रामकेंवट, बबलू बरेठ, भोलू और उनके कई साथियों के विरूद्ध आईपीसी की धारा 294, 332, 506, 186, 353 और 147 के अंतर्गत अपराध दर्ज किया है।

# शून्य दुर्घटना लक्ष्य की कामना से की विश्वकर्मा पूजा

### विभिन्न क्षेत्रों में रहा मेला जैसा माहौल

**कोरबा।** निर्माण के देवता के रूप में पूजित भगवान विश्वकर्मा का प्राकट्य पर्व आज धूमधाम से मनाई गयी। औद्योगिक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजन किये गये। इस मौके पर शून्य दुर्घटना लक्ष्य की कामना से पूजा-पाठ की गई। हर तरफ उत्सव जैसा माहौल बना रहा।

कोरबा नगर के साथ-साथ उपनगरीय क्षेत्रों और कस्बों में विश्वकर्मा पूजा उत्साह के साथ मनायी गई। लगभग सभी स्थानों पर आदिशिल्पी की प्रतिमा स्थापित की गई। जबकि अन्य स्थानों पर छायाचित्र के समक्ष दीपप्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया गया। औद्योगिक गतिविधियों के साथ-साथ निर्माण से संबंधित हर तरह के कामकाज में जुटे लोगों ने इस अवसर पर अपने



सरोकार दिखाये। नियम पूर्वक आदि शिल्पी की पूजा करते हुए समर्पण करते हुए दिखाया गया। इस दौरान विशेष रूप से यह कामना की गई कि कामकाज के दौरान किसी भी तरह से दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न न हो। एसईसीएल, एनटीपीसी, आईओसी, बालको, सीएसईबी के अतिरिक्त अनेक औद्योगिक संस्थाओं में इस पर्व को लेकर विशेष रौनक दिखाई दी। भोग जैसे कार्यक्रम भी रखे गये। कई बड़े आयोजक रात्रि को सांस्कृतिक कार्यक्रम भी करेंगे।

## 19 को विराजेंगे मंगलकारी गणपति, तैयारी पूर्ण

**कोरबा।** भाद्रपद चतुर्थी को विघ्नविनाशक गणपति भगवान स्थापित होंगे। इस पर्व के लिए जिले में तैयारी पूरी हो गई है।

विघ्नों का हरण करने के साथ सभी कार्यों को मंगलमय बनाने वाले भगवान गणेश प्रथम पूज्य कहे जाते है।

भादोमास में उनका पर्व शुक्ल पक्ष की चतुर्थी से प्रारंभ हो रहा है। कोरबा नगर के साथ-साथ बालकोनगर, जमनीपाली, दीपका, कटघोरा, पाली, बांकीमोंगरा, कुसममुण्डा और ग्रामीण अंचल में गणेशोत्सव की परंपरा वर्षों से जारी है। इस बार भी अलग-अलग आकार-प्रकार के पण्डालों में गणपति विराजमान होंगे। इसके लिए भारी-भरकम तैयारी की गई है जो अब अंतिम स्थिति में है। बताया गया कि सोमवार को सुबह 11 बजे के बाद शुभ मूहूर्त में स्थापना की प्रक्रियाओं को प्रारंभ किया जायेगा। शाम तक यह दौर जारी रहेगा। इससे पहले जिला प्रशासन ने गणेशोत्सव के आयोजन को नियम पालन के साथ करने के लिए शांति समिति की बैठक रखी। अपर कलेक्टर प्रदीप साहू ने आयोजकों से इस बारे में संवाद करने के साथ बताया कि वैध बिजली कनेक्शन लेते हुए उन सभी नियमों को माना जाये जो व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जरूरी है।

## हाथी देखने गए दो ग्रामीणों को पकड़कर किया पुलिस के हवाले



### डीएफओ निकले रात्रि गश्त पर

**कोरबा।** जिले के कोरबा एवं कटघोरा वनमंडल हाथी समस्या लगातार बनी हुई है। जहां कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज में दंतैल समेत 43 हाथियों का दल सक्रिय है वहीं कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज अंतर्गत गीतकुंआरी में मौजूद 13 सदस्यीय दल बीती रात जिल्गा पहुंच गया और यहां पहुंचते ही भारी उत्पात मचाते हुए 15 किसानों की धान की फसल को रौंद दिया जिससे संबंधितों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। हाथियों द्वारा लगातार उत्पात मचाए जाने व फसलों को रौंदे जाने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। उनके द्वारा समस्या के समाधान के लिए प्रशासन व वन विभाग से गुहार लगाई जा रही है लेकिन अब तक हाथी समस्या को खत्म करने के लिए न तो प्रशासन कोई कदम उठा रहा है न ही वन विभाग। फलस्वरूप ग्रामीण दहशत में अपना जीवन जीने को मजबूर हैं। उधर कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज में सक्रिय हाथियों ने बीती रात पुनः उत्पात मचाते हुए कई किसानों की फसल रौंद दी है। जबकि डीएफओ कुमार निशांत वन विभाग की टीम के साथ रात्रि गश्त पर निकले। इस दौरान लालपुर क्षेत्र में दो ग्रामीण जंगल में मिले। वे हाथियों को देखने व वीडियोग्राफी के लिए पहुंचे थे। वन विभाग की टीम ने दोनों ग्रामीणों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। एतमानगर क्षेत्र में भी 7 हाथी घूम रहे हैं। इन हाथियों की वन विभाग द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। लोनर हाथी परला क्षेत्र में आज सुबह दिखाई दिया। लोनर को यहां देखने के बाद वन अमला उसकी निगरानी में भी जुट गया है।

## रामपुर में नशेड़ियों की हरकते यथावत

**कोरबा।** सिविल लाईन थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामपुर में नशेड़ियों की हरकतों ने आसपास के लोगों की मुश्किलें बढ़ाकर रख दी है। बस्ती के प्राचीन तालाब से लेकर सामुदायिक भवन और कई हिस्से में नशेड़ियों का जमघट शाम होने के बाद लगता है। मौके पर नशाखोरी करने के साथ यहां गाली-गलोज की जाती है। कई बार आसपास के लोगों ने इस बारे में शिकायत की लेकिन कोई खास परिणाम सामने नहीं आ सके।

# सर्व समाज सम्मान, विकास एवं रचनात्मक सहयोग के पर्याय हैं राजस्व मंत्री

**सम्मान समारोह में राजपूत समाज के प्रतिनिधियों ने लिया एकमतेन निर्णय, पिछली बार से दोबारा भारी मतों से विजयी बनाएंगे**






**कोरबा।** हर समाज एवं अपने क्षेत्र के लोगों के सुख-दुख में सहभागी बनते आया हूं, आगे भी बनते रहूंगा। चाहे कोई भी बाधाएं आ जाए हम आप सबके बीच पहले जैसा ही पहुंचकर सहयोग करते रहूंगा, ये मेरा राजपूत क्षत्रिय समाज के सम्मान समारोह में लिया गया संकल्प है।

उक्ताशय का उद्गार राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कल शाम समाज सम्मान समारोह के अवसर पर राजपूत क्षत्रिय समाज के पदाधिकारियों व सैकड़ों सदस्यों की उपस्थिति में व्यक्त किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को महापौर राजकिशोर प्रसाद, संरक्षक के.एन.सिंह, पूर्व अध्यक्ष श्रेष्ठ सिंह ठाकुर, नरेश सिंह, पद्म सिंह चंदेल, समाज के महासचिव मुकेश सिंह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेन्दर सिंह, सह सचिव छन्नू सिंह, ठेकेदार विजय सिंह, प्राचार्य रणधीर सिंह, हरि सिंह क्षत्रिय, पत्रकार विजय सिंह, मजदूर नेता रविन्दर सिंह, पार्षद रवि चंदेल, जिला ऑटो संघ के अध्यक्ष गिरीजेश सिंह, पप्पू सिंह व अन्य उपस्थित समाज के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने संबोधन में कोरबा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस के संभावित प्रत्याशी जयसिंह अग्रवाल को अपने-अपने समर्थन देकर उनका हाथ मजबूत करने की बातें कही। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन जिला राजपूत क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष ठा. अवधेश सिंह द्वारा किया गया। ज्ञात रहे कि राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने एक ओर जहां राजपूत क्षत्रिय समाज के उपस्थित सभी लोगों का अपनी ओर से सम्मान किया, वहीं दूसरी ओर कार्यक्रम में उपस्थित राजपूत क्षत्रिय समाज के सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि से उनको विजयी बनाने के लिए नारा लगाते हुए अपने संकल्प को दोहराया। यह कार्यक्रम डी बंगला में आयोजित किया गया था।

# सनातन धर्म पर उंगली उठाने वाले कुएं के मेंढक समान : देवकीनंदन

**कोरबा।** देश के प्रतिष्ठित आध्यात्मिक धर्म गुरु देवकीनंदन ठाकुर महाराज ने सनातन पर विवादित टिप्पणी करने वाले राजनेताओं पर बड़ा बयान देते हुए कहा हैं कि सनातन धर्म पर उंगली उठाने वाले कुएं के मेंढक सामान है इन्हें सनातन धर्म के बारे में कुछ पता नहीं हैं। यह लोग सनातन धर्म के साथ-साथ संविधान का भी अपमान कर रहे हैं। धर्मगुरु देवकीनंदन ठाकुर महाराज यही नहीं रुके उन्होंने आगे कहा कि ऐसे लोगो और राजनेताओं को संवैधानिक पदों से हटा देना चाहिए। साथ ही उनके संवैधानिक पदों की नियुक्ति पर आजीवन प्रतिबंध लगा देना चाहिए ताकि वह कभी संवैधानिक पद पर दोबारा ना बैठ पाए।

तमिलनाडु मुख्यमंत्री के बेटे उदयनयी स्टालिन के द्वारा सनातन धर्म पर विवादित टिप्पणी करने के बाद से ही सनातन धर्म को लेकर राजनेताओं में बयानबाजी का दौर जारी है। इसी बीच कोरबा जिलान्तर्गत कटघोरा नगर के एक धार्मिक आयोजन में कथा वाचन करने पहुंचे प्रतिष्ठित धार्मिक एवं आध्यात्मिक गुरू देवकीनंदन ठाकुर महाराज ने




सनातन धर्म पर विवादित टिप्पणी देने वाले राजनेताओं पर बड़ा बयान दिया है। वे शनिवार को यहां पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे।

## मनमाने बिजली बिल से मुश्किलें

**कोरबा।** भले ही लाख दावे किये जा रहे है कि छत्तीसगढ़ में सरप्लस बिजली बन रही है और आधी कीमत पर बिजली आपूर्ति की जा रही है लेकिन इससे अलग हटकर उपभोक्ताओं को मनमाने बिल दिये जा रहे है। इससे उपभोक्ता हलाकान है। लोगों के पास पिछले कई महिनों से उल्टे-सीधे बिल कोरबा शहरी और ग्रामीण संभाग में पहुंच रहे है। हैरानी जताई जा रही है कि ढकोसले के अंतर्गत प्रतियूनिट पर 49 पैसे कम करने से लेकर निर्धारित यूनिट पर आधी राशि लेने की बात की जा रही है लेकिन लोगों की कूल खपत की तुलना में देयक बहुत ज्यादा है।

श्रीं
प्लाट बेचना है
आदिवासी प्लाट बेचना है एक एकड़। करतला थाना के बाजू में ऑन द रोड।
संपर्क करें
62681-46606

श्रीं
मकान/दुकान बेचना है
ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा में प्रायमरी लोकेशन में स्थित मकान व दुकान बेचना है।
संपर्क करें
62681-46606




हार्दिक बधाई
देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर समस्त जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



विनीत
रामप्रताप गुप्ता
समाज सेवी
ग्राम-कुरथा (बोडेमुड़ा), जिला-कोरबा

होटल देवांश
8908730000, 9425223290
9893528408, 9691071600
नॉन AC डबल बेड 800/-
लक्जरी रूम
नॉन AC सिंगल बेड 650/-
Behind Tarun Chhattisgarh, Kunwabhatta, T. P. Nagar, Korba (C.G.)

होटल आकाश
8908730000, 9425223290
9893528408, 9691071600
लक्जरी रूम
Tilak Marg, Budhwari Bypass Road, T. P. Nagar, KORBA, Dist. Korba (C.G.) 495 677

स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com